दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 27
कोटद्वार मंगलवार
16 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# मुख्यमंत्री ने काशीपुर में किया 355 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

## 30 जून तक तैयार हो जायेगा यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को काशीपुर में 355.27 करोड़ की 113 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। जिसमें 287.36 करोड़ की 102 योजनाओं का शिलान्यास और 67.91 करोड़ की 11 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। यह योजनायें विधानसभा क्षेत्र काशीपुर, जसपुर, बाजपुर एवं गदरपुर से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट 30 जून तक तैयार हो जाएगा, जोकि पूरे राष्ट्र के लिए मॉडल बनने वाला है। उन्होंने सभी राज्यों से यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कठोर भू-कानून बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य लैण्ड जिहाद एवं अवैध अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निगम, जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग की लगभग 287.36 करोड़ से अधिक की 102 योजनाओं का शिलान्यास, जल निगम, जल संस्थान ग्रामीण निर्माण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की लगभग 67.91 करोड़ से अधिक की 11 योजनाओं के पूर्ण होने के उपरांत इन विधानसभा क्षेत्रों में विकास के एक नए युग का सूत्रपात होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की गई योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास से निश्चित ही विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा आने वाले समय में लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस पर काम करते हुए प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त करना हमारा उद्देश्य है। उत्तराखंड राज्य हित में जिन फैसलों की आवश्यकता होगी वह लिए जाएंगे। सरकार ने एक वर्ष के अन्दर तीन गैस सिलेंडर निःशुल्क देने का काम किया। आज एक लाख 81 हजार परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 15 लाख के सापेक्ष 11 लाख 30 हजार घरों को पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गौरवमय मार्ग को प्रशस्त करने के लिए ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' का जो मंत्र दिया है उसने देश की दिशा और दशा को बदलने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई गरीब कल्याण योजनाओं ने अंतिम पायदान पर खड़े हुए प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले केवल योजनाएं बनाई जाती थी, परन्तु अब योजनाएं भी बनाई जाती हैं और उनको लागू भी किया जाता है। कहा कि आज केन्द्र और



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर में विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकापर्ण करते हुए।

राज्य सरकार के सहयोग से हमारा प्रदेश भी सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमने उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने का जो ''विकल्प रहित संकल्प'' लिया है, उसके लिए हम निरंतर कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने काशीपुर के बाईपास और फ्लाईओवर के जल्द निर्माण की बात भी उन्होंने कही। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मेहन्द्र भट्ट, भाजपा अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोरा, आदेश सिंह चौहान, अरविन्द पाण्डे, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, राकेश तिवारी सहित विकास शर्मा, गुरविन्दर सिंह चण्डोक, खिलेन्द चौधरी, राम महरोत्रा, अभिषेक गोयल, मोहन बिष्ट आदि उपस्थित थे।

## पर्यटन सर्किट से जुड़ेंगे मंदिर, 17 को मंत्री करेगें शिलान्यास

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर-धारी देवी-देवलगढ़-खिर्सू पौड़ी पर्यटन सर्किट से श्रीनगर व पौड़ी के आस-पास के 6 मंदिर जुड़ेंगे। पर्यटन सर्किट से जुड़ने पर इन मंदिरों का सौंदर्यीकरण व प्रचार-प्रसार के कार्य में तेजी आएगी। साथ ही मंदिरों को भव्य रूप देने का कार्य भी किया जाएगा। 17 मई को प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत पर्यटन सर्किट के तहत आने वाले इन मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर इसके लिए निमंत्रण दे रहे हैं।

श्रीनगर-धारी देवी-देवलगढ़-खिर्सू पौड़ी पर्यटन सर्किट को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की यहां मंडल कार्यालय में बैठक आहुत की गई। इस मौके पर श्रीनगर-धारी देवी-देवलगढ़-खिर्सू पौड़ी पर्यटन सर्किट शिलान्यास कार्यक्रम के संयोजक व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत ने कहा कि शिलान्यास का कार्यक्रम गैर राजनीतिक रखा गया है। इस कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के सभी दलों व संगठनों सहित आम लोगों को निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने कहा कि 17 मई को श्रीगुरूरामराय स्कूल मैदान में सायं 4 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कहा कि पर्यटन सर्किट के अंतर्गत श्रीनगर का कमलेश्वर महादेव मंदिर, धारी देवी मंदिर, राजराजेश्वरी मंदिर देवलगढ़, घंडियाल देवता मंदिर, कंडोलिया मंदिर पौड़ी व क्यूंकालेश्वर मंदिर पौड़ी को जोड़ा गया है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, पूर्व राज्य मंत्री अतर सिंह असवाल, जिला मंत्री गिरीश पैन्यूली, नगमा तौफिक, वासुदेव कंडारी, अमित जुगराण, पूजा गौतम, पंकज सती, संजय गुप्ता, दिनेश पटवाल, सौरभ पांडेय आदि मौजूद रहे।

## जल्द जारी होगा पीएचडी प्रवेश परीक्षा परिणाम

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के परिणाम का इंतजार जल्द खत्म होगा। विवि की ओर से परीक्षा परिणाम को जारी करने को लेकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी सप्ताह के अंदर परिणाम जारी होने की उम्मीद है।

गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा गत 8 अप्रैल को विवि के श्रीनगर व टिहरी परिसर सहित डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून व रामानुजन कॉलेज नई दिल्ली परीक्षा केंद्र पर आयोजित की गई थी। जिसमें 1480 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तब से लेकर छात्र प्रवेश परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं।

## तवाघाट-लिपुलेख हाईवे पर गर्बाधार में दरका पहाड़, लोगों ने भागकर बचाई जान



**पिथौरागढ़** । धारचूला-तवाघाट-लिपुलेख नेशनल हाईवे पर गर्बाधार में सोमवार को अचानक पहाड़ी दरक गई। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिरते देख वहां लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान लोगो ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं, हाईवे पर मलबा आने से तवाघाट-लिपुलेख मोटर मार्ग बंद हो गया।

यह मार्ग पिछले चार दिनों से बंद था। सोमवार को कुछ समय के लिए सड़क खुलने पर आदि कैलाश के तीसरे और चौथे दल के यात्री और अन्य वाहनों की आवाजाही शुरू होने वाली थी, लेकिन अचानक पहाड़ी दरक गई। गनीमत रही कि उस वक्त उस जगह पर कोई यात्री नहीं गुजर रहा था।

## ज्यादातर विधायकों की राय मेरे पक्ष में: सिद्धारमैया



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर राजनीतिक गहमागहमी जारी है। कर्नाटक कांग्रेस में बैठकों का दौर चल रहा है। वहीं कर्नाटक में डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के समर्थकों के बीच पोस्टर वॉर छिड़ी हुई है। दोनों नेताओं के समर्थक अपने-अपने नेता को अगला सीएम बता रहे हैं। सीएम पद के तगड़े दावेदार डीके शिवकुमार का आज जन्मदिन भी है।

ऐसे में चर्चाएं है कि क्या कांग्रेस उन्हें जन्मदिन के गिफ्ट के तौर पर सीएम की कुर्सी देगी या फिर से अपने अनुभवी नेता सिद्धारमैया पर दांव लगाती है।

कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि मेरे पेट में संक्रमण है। इस वजह से मैं आज दिल्ली नहीं जाऊंगा। कांग्रेस के 135 विधायक हैं। मेरा कोई विधायक नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने फैसला पार्टी आलाकमान पर छोड़ दिया है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत मिलने के बाद कांग्रेस अपने मुख्यमंत्री पद के विकल्प पर मंथन कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस को राज्य में 135 सीटें मिलीं। शिवकुमार ने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है, मैं अपने परिवार से मिलूंगा। इसके बाद मैं दिल्ली के लिए रवाना हो जाऊंगा। मेरे नेतृत्व में हमारे 135 विधायक हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि मामला को पार्टी के आलाकमान पर छोड़ दिया है। मेरा उद्देश्य कर्नाटक को बेहतर बनाना था और मैंने यह किया।

कर्नाटक के लिए कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुशील शिंदे, जितेंद्र सिंह और दीपक बाबरिया दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर पहुंचे। माना जा रहा है कि पर्यवेक्षक कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर विधायकों की राय के मुताबिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि हमने एक सिंगल लाइन रिजॉल्यूशन पास किया है। हमारे पास 135 विधायक हैं, सभी ने एक स्वर में मामला (मुख्यमंत्री नियुक्त करने का) पार्टी आलाकमान पर छोड़ा है।

## हाईकोर्ट ने बीएड की डिग्री को एलटी की नियुक्ति के लिए माना अनिवार्य, सरकार की नियमावली की रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने बीएड की डिग्री को सहायक अध्यापक(एलटी) की नियुक्ति के लिए अनिवार्य योग्यता माना है। साथ ही इन पदों के लिए बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की राज्य सरकार की नियमावली को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने सरकार को शीघ्र नए सिरे से विज्ञप्ति जारी कर चयन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में कला विषय के करीब 246 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही थी।

सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की खंडपीठ में हुई। याचिकाकर्ता पुष्पा देवी के अधिवक्ता डॉ. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2020 में सहायक शिक्षक (एलटी) के लिए विज्ञापन जारी किया गया था व इन पदों के लिए एनसीटीई के विनियमन 2014 के अनुसार, बीएड डिग्री को अनिवार्य योग्यता माना गया। लेकिन विज्ञप्ति जारी होने के बाद राज्य सरकार ने 20 फरवरी 2021 को नए नियम बनाकर बीएड की योग्यता को हटा दिया था। जिसे याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती देते हुए कहा कि राज्य सरकार के 2021 के नियम एनसीटीई के प्रावधानों के विपरीत हैं।

# बड़ी साजिश का खुलासा! पाक आतंकियों ने ड्रोन से भेजे हथियार

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** पाकिस्तान का आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटी), जम्मू-कश्मीर में अपने सहयोगी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को ड्रोन के जरिए हथियार और गोला-बारूद भेजता है। ये हथियार भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट कठुआ और सांबा इलाके में गिराए जाते थे। वहां से 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के गुर्गे यानी ओवर ग्राउंड वर्कर उन हथियारों को उठाकर अपने घर में छिपा लेते थे। आतंकियों की इस चाल से सुरक्षा बल और लोकल पुलिस अनभिज्ञ थी। वजह, ओवर ग्राउंड वर्कर स्थानीय लोग थे और वे आबादी के बीच रहते थे। इससे किसी को उन पर शक भी नहीं होता था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को दाखिल आरोप पत्र में यह खुलासा किया है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का स्थानीय समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को संचालित करता है। इस समूह के सदस्य, ओवर ग्राउंड वर्कर बनकर आतंकियों को हथियार, गोला-बारूद एवं दूसरे सामान की सप्लाई करते हैं। पुलिस स्टेशन, पीर मीठा जम्मू के तालाब खटिकन क्षेत्र में रहने वाला फैजल मुनीर उर्फ अली भाई भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए हथियार और विस्फोटकों की सप्लाई यानी 'ट्रांसपोर्ट' का कामकाज देखता था। एनआईए की जांच के अनुसार, उसने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आतंकवादी कमांडरों



और उनके गुर्गों को हथियारों एवं विस्फोटकों की खेप पहुंचाने की साजिश रची थी।

ये सब कार्य फैजल, सीमा पार के सक्रिय आतंकी संगठनों के इशारे पर करता था। इस साजिश में फैजल के साथ कई दूसरे आतंकी शामिल रहे हैं। ये सब जम्मू-कश्मीर में टीआरएफ के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे। टीआरएफ की मदद के लिए इन लोगों को लश्कर के गुर्गों से धन प्राप्त होता था। आतंकी संगठनों को हथियारों की सप्लाई करने के मामले में फैजल चौथा व्यक्ति है, जिसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। एनआईए ने 18 नवंबर 2021 को स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया था। फैजल, हमजा और मुदासिर अहमद डार, लश्कर/टीआरएफ के गुर्गों के इशारे पर काम कर रहे थे। तीनों आरोपियों पर कानून की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया।

जांच के दौरान सामने आया कि फैजल मुनीर लश्कर/टीआरएफ के एक सक्रिय ओजीडब्ल्यू के रूप में काम कर रहा था। वह हथियार/विस्फोटक/धन प्राप्त करने, एकत्र करने और उसकी आपूर्ति करने में शामिल था। पाकिस्तान के आतंकी संगठनों ने भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए हथियारों और बारूद की खेप सांबा/कठुआ के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में ड्रोन के जरिए भेजी थी। फैजल अपने सहयोगियों से वह खेप प्राप्त करता था। इसके बाद, फैजल मुनीर लश्कर/टीआरएफ के गुर्गों के निर्देश पर उन हथियारों को अपने घर में लाकर छिपा देता था। जैसे ही उसे सीमा पार के आतंकी संगठनों से निर्देश मिलता, वह उन हथियारों की तय जगह पर डिलीवरी कर देता था।

केंद्र सरकार ने द रेजिस्टेंस फ्रंट-टीआरएफ को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, यूएपीए के तहत आतंकी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने कहा था कि यह संगठन, आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑनलाइन माध्यम से युवाओं की भर्ती कर रहा था। जम्मू कश्मीर में 2019 के दौरान 'द रेजिस्टेंस फ्रंट', आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' के एक प्रॉक्सी गुट के तौर पर अस्तित्व में आया था। गत जनवरी में गृह मंत्रालय ने इस संगठन को आतंकी गतिविधियां फैलाने, आतंकियों की भर्ती करने, घुसपैठ कराने और पाकिस्तान से हथियारों तथा मादक पदार्थों की तस्करी करने के चलते इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह संगठन, जेएंडके में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए युवाओं को आतंकी समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित करता था।

# पंजाब में महंगी हुई बिजली: दाम प्रति यूनिट 80 पैसे तक बढ़े

**चंडीगढ़, एजेंसी।** जालंधर उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी होते ही पंजाब विद्युत नियामक आयोग ने सूबे के लोगों को जोर का झटका दिया है। राज्य में घरेलू बिजली के दाम में प्रति यूनिट 80 पैसे तक का इजाफा करने के प्रस्ताव को नियामक आयोग ने मंजूरी दे दी है और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बिजली के नए टैरिफ चार्ज तय कर दिया है।

नया टैरिफ 16 मई से लागू हो जाएगा। नए टैरिफ में घरेलू, व्यवसायी और औद्योगिक बिजली दरों में बढ़ोतरी के साथ-साथ प्रति माह फिक्स चार्ज में भी वृद्धि की गई है। इसके चलते प्रति यूनिट बिजली की नई दरें सभी वर्गों को प्रभावित करेंगी। इस बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एलान किया है कि बिजली के बढ़े दाम राज्य सरकार की 600 यूनिट मुफ्त बिजली की योजना को प्रभावित नहीं करेंगे और इस मद पर बढ़ी



हुई दरों का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

नए टैरिफ के अनुसार दो किलोवाट क्षमता वाले घरेलू उपभोक्ता को 100 यूनिट तक प्रति यूनिट 3.49 रुपये की दर से मिलने वाली बिजली की दर बढ़ाकर 4.49 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है। वहीं 101-300 यूनिट तक 5.84 रुपये प्रति यूनिट की जगह अब 6.64 रुपये प्रति यूनिट देना होगा। 300 यूनिट से अधिक उपभोग पर नई दर 7.75 रुपये प्रति यूनिट होगी। 2-7 किलोवाट क्षमता वाले उपभोक्ताओं के लिए भी प्रति यूनिट बिजली दर में, 100 यूनिट तक 70 पैसे, 101-300

### सीएम मान बोले- मुफ्त बिजली योजना पर असर नहीं

यूनिट तक 80 पैसे और 300 यूनिट से अधिक उपभोग पर 45 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है लेकिन इसके साथ ही मासिक फिक्स चार्ज में इजाफा किया गया है, जो पहले 100 यूनिट तक 35 से बढ़कर 50, 101-300 यूनिट तक 60 से बढ़कर 75 और 300 से अधिक यूनिट पर 95 से 110 कर दिया गया है। वहीं, बड़े घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दर 6.63 रुपये प्रति यूनिट से बढ़ाकर 6.96 रुपये प्रति यूनिट कर दिया गया है।गैर आवासीय बिजली सप्लाई में केवल 500 यूनिट से अधिक उपभोग वाले लोगों की जेब ढीली करते हुए 20 किलोवाट से अधिक खपत वाले गैर आवासीय प्रयोग के लिए फिक्स चार्ज के साथ ऊर्जा दरों में भी 6.35 रुपये प्रति यूनिट से बढ़ाकर 6.75 रुपये प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। इस वर्ग में छोटे खपतकारों के लिए केवल फिक्स चार्ज में बढ़ोतरी की गई है।राज्य के औद्योगिक क्षेत्र की बिजली दरों में भी परिवर्तन हुआ है। इसके तहत 20 किलोवाट तक क्षमता वाले छोटे उद्योगों के लिए बिजली दर 5.37 रुपये प्रति यूनिट से बढ़ाकर 5.67 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई। इस वर्ग में मध्यम सप्लाई (20-100 किलोवाट) वाले उपभोक्ताओं के लिए बिजलीदर 5.80 रुपये प्रति यूनिट से बढ़ाकर 6.10 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है। लार्ज सप्लाई वाले सामान्य उद्योगों (100-1000 किलोवाट तक) के लिए 6.05 रुपये प्रति यूनिट की दर को बढ़ाकर 6.45 रुपये प्रति यूनिट, 1000-2500 किलोवाट तक 6.15 रुपये के बजाय 6.55 रुपये प्रति यूनिट।

## पंजाब में गुरुद्वारे के बाहर शराब पीने पर गोली मारकर महिला की हत्या

चंडीगढ़,(एजेंसी)। पंजाब के पटियाला में दुखनिवारन साहिब गुरुद्वारा परिसर में शराब पीने को लेकर 33 वर्षीय एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मौके से तंबाकू के पैकेट और शराब की एक बोतल बरामद की है। मृतका परमिंदर कौर शराब के नशे में थी और गुरुद्वारा परिसर में सरोवर के पास शराब का सेवन कर रही थी। वारदात रविवार रात को हुई।

आरोपी निर्मलजीत सिंह सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया, प्रथम द्दष्टया ऐसा लगता है कि धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आरोपी ने महिला को गोली मार दी, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस सेक्टर में हो रहे बदलाव पर कहा

# 2047 तक एक विकसित राष्ट्र होगा भारत

**पुणे, एजेंसी।** रक्षा क्षेत्र में साइबर स्पेस के बढ़ते खतरों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगा। एक सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने ये बात कही।

राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के पुणे जिले में डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (डीआईएटी) के दीक्षांत समारोह में कहा कि देश अब आत्मनिर्भर बन रहा है और आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, भारत 2027 तक विश्व अर्थव्यवस्था में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।

राजनाथ सिंह ने कहा, "दुनिया तेजी से बदल रही है। रक्षा क्षेत्र में भी बदलाव हो रहा है, क्योंकि हम इस क्षेत्र में कई तकनीकी बदलाव देख सकते



हैं। रक्षा क्षेत्र में कई समस्याएं पैदा हुई हैं, विशेष रूप से साइबर स्पेस में खतरे बढ़ गए हैं।"उन्होंने कहा, "हालांकि, बदलते हालात के साथ हमें तकनीकी क्षेत्र में प्रगति की ओर बढ़ना होगा। यदि कोई चुनौती है, तो उसका समाधान भी है। अब टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।"

आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, "इसका मतलब यह नहीं है कि हमें अन्य देशों से अलग होना चाहिए, लेकिन उद्देश्य यह है कि बुनियादी आवश्यकताओं का निर्माण हमारे द्वारा किया जाना चाहिए और हमें उन्हें निर्यात करने में सक्षम होना चाहिए। देश में उत्पादों के विनिर्माण से रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।" उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने एक सपना देखा है कि भारत 2047 तक दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।"राजनाथ सिंह ने कहा, "हम रक्षा उपकरणों के निर्यात में वृद्धि देख रहे हैं। 2014 में इस क्षेत्र में 900 करोड़ रुपये का निर्यात था, लेकिन अब यह बढ़कर 16,000 करोड़ रुपये हो गया है। आयात कम हो गया है, क्योंकि भारत अब स्टार्ट-अप का सबसे बड़ा केंद्र है और हम नए आइडिया लेकर आ रहे हैं।"

# वन मंत्री ने किया एक डिजीटल लाइब्रेरी के कामों का भूमि पूजन



नई टिहरी : वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने नाबार्ड योजना के तहत पॉलीटेक्निक के द्वितीय फेज के 32.92 करोड़ के कामों व 2.70 करोड़ की लागत से बनने वाली डिजीटल लाइब्रेरी के कामों का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया।

इस मौके पर मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह काम छात्रों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। शिक्षण के लिए छात्रों को इसका बेहतर लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का मुखिया होने के नाते मेरा निरंतर प्रयास है कि नई तकनीकी का लाभ छात्रों को अधिकाधिक मिले। एक ही छत के नीचे छात्र-छात्राओं को आईटीआई डिप्लोमा, बीटेक व एमटेक के प्रशिक्षण का अवसर मिले। इंटीग्रेटेड कांसेप्ट के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को उचित प्लेटफार्म मिले। इसके लिए निदेशक तकनीकी शिक्षा एवं प्रधानाचार्य को निर्देशित कर दिया है कि इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाया जाय। डिप्लोमा के साथ चार ब्रांचों से फूड टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चलाने को एआईसीटीई अनुमोदन की कार्रवाई चल रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह भंडारी व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने पॉलीटेक्निक के इन कामों के लिए आभार जताते हुए कहा कि नरेंद्रनगर विधानसभा में विकास के कामों को मंत्री के प्रयासों से निरंतर गति मिल रही है। इस मौके पर सचिव तकनीकी शिक्षा रवि नाथ रामन, निदेशक प्राविधिक शिक्षा आरपी गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक प्राविधिक शिक्षा परिषद डा. मुकेश पांडे, प्रधानाचार्य आलोक मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद सजवान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## दून पहुंचने पर मां जगदीशिला डोली यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

देहरादून। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की 24 वीं डोली यात्रा के दून पहुंचने पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया। डोली का भनियावाला डोईवाला से सीधा आगमन शहीद स्मारक हुआ। इसके बाद डोली यात्रा नगर निगम व माता मंदिर स्थित 11 गांव हिंदाव पट्टी समिति के कार्यक्रम में पहुंची। शहीद स्मारक पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के पदाधिकारियों ने डोली यात्रा का स्वागत डोली में कंधा लगाकर किया। पूर्व मंत्री व यात्रा संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी डोली की अगुवाई कर रहे थे। उन्होंने शहीद स्मारक में शहीदों को नमन किया। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने डोली यात्रा को संस्कृति व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया। मौके पर पुष्पलता सिलमाना, मुन्नी खंडूड़ी, अरुणा थपलियाल, संगीता रावत, मोहन खत्री, गणेश डंगवाल, नवनीत गुसाई, सुरेश कुमार, अभय कुकरेती, विपुल नौटियाल, विनोद असवाल, अनुराग भट्ट, नरेन्द्र नौटियाल, भारत बडोनी मौजूद रहे। नगर निगम में डोली यात्रा का स्वागत भारत माता मंदिर के महंत स्वामी ललितानंद गिरी, मेयर सुनील उनियाल गामा, रघु सिंह बजियाला, मनोज द्विवेदी ने की। नगर निगम में डोली यात्रा को लेकर मंत्री प्रसाद नैथानी द्वारा विश्वनाथ महिमा पर लिखे, गाए ऑडियो–वीडियो गीत का विमोचन किया गया।

# यमुना पेयजल पंपिंग योजना से जल्द शुरू होगी सप्लाई



देहरादून। मसूरी में यमुना पेयजल पंपिंग योजना का सफल परीक्षण होने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। भाजपा मसूरी मंडल अध्यक्ष राकेश रावत ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्र सरकार, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी, मसूरी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया। रावत ने कहा कि मसूरी को अब वर्ष 2052 तक पानी की कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ शीघ्र ही मसूरी की जनता को मिलना शुरू हो जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र के सभी स्थानों को पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि यह पानी देहरादून जाएगा, जो कि सरासर गलत है। क्योंकि योजना में साफ लिखा गया है कि यह पानी केवल मसूरी नगर पालिका क्षेत्र को दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी शीघ्र इस योजना में शामिल इंजीनियरों और अधिकारियों को सम्मानित करेगी।

# गढ़वाल सभा के अध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी, महामंत्री बनें विजेंद्र ध्यानी

जयन्त प्रतिनिधि। मेरठ : गढ़वाल सभा मेरठ की नई द्विवार्षिक कार्यकारिणी के लिए रविवार को नौ पदों पर चुनाव हुआ। कोषाध्यक्ष और आडिटर भंडार मंत्री पहले ही निर्विरोध चुन लिये गये है। अध्यक्ष पद पर प्रेम सिंह नेगी और महामंत्री पद पर विजेंद्र ध्यानी ने जीत दर्ज की। मुख्य चुनाव अधिकारी विश्व मोहन नौटियाल, उपचुनाव अधिकारी सतीश नेगी और महावीर रावत की देखरेख में नई कार्यकारिणी के लिए सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम चार बजे तक चला। मतदान के बाद मतों की गिनती शुरू हुई। चुनाव में 1023 सदस्यों में से 702 ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर प्रेम सिंह नेगी ने 20 मतों से जीत हासिल की। प्रेम सिंह नेगी को कुल 243 मत मिले। जबकि दूसरे स्थान पर रहे डॉ. आलम सिंह पवार को 223 मत प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर रहे ओपी रतूड़ी को 213 मत मिले। महा मंत्री पद पर विजेंद्र ध्यानी ने 47 मतों से जीत हासिल की। विजेंद्र ध्यानी को कुल 260 मत हासिल हुए। जबकि दूसरे स्थान पर रहे सुरेंद्र चौहान को 213 मत मिले। तीसरे नंबर पर रहे राकेश को 199 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर वीर सिंह रावत ने 46 मतों से जीत हासिल की। वीर सिंह को कुल 256 मत पड़े। जबकि दूसरे स्थान पर रहे गजेंद्र नेगी को 208 मत मिले। तीसरे नंबर पर रहे राज्यपाल को 199 मत मिले। मंत्री पद पर वीरेंद्र नेगी ने 92 मतों से जीत हासिल की। वीरेंद्र नेगी को 284 मत पड़े। जबकि दूसरे स्थान पर रहे जयानंद को 192 मत मिले। तीसरे नंबर पर रहे सत्यवीर को 190 मत मिले। संगठन मंत्री पद पर विक्रम नेगी ने 95 मतों से जीत हासिल की। विक्रम नेगी को 348 मत पड़े। जबकि दूसरे स्थान पर रहे शीतल खंतवाल को 253 मत मिले। प्रचार मंत्री पद पर दिनेश ने 1 मत से जीत हासिल की। दिनेश को 302 को मत पड़े। जबकि दूसरे स्थान पर रहे संजय नेगी को 301 मत मिले। सांस्कृति मंत्री पद पर मधु रावत ने 90 मतों से जीत हासिल की। मधु रावत को कुल 348 मत पड़े। जबकि दूसरे स्थान पर रहे लक्ष्मी गुसांई को 258 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद के सत्येंद्र भंडारी भंडार मंत्री पद पर कमलेश भारद्वाज तथा लेखा परीक्षक पर दाताराम धस्माना निर्विरोध चुने गए है।

## रोवर्स रेंजर्स प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

चमोली : राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी मे रोवर्स रेंजर्स प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हो गई है। इस दौरान महाविद्यालय में कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में रोवर्स रेंजर्स इकाई की प्रवेश परीक्षा ली गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वज लीडर द्वारा ध्वजारोहण के साथ प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स रेंजर्स प्रभारी सुनील कुमार व डॉ. पुष्पारानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह, अनुज कुमार एवं डॉ. नीतू पाण्डे उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षणार्थियों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें रोवर्स रेंजर्स, दयाकृष्ण, आदर्श, सिया, रश्मि, ज्योति, दीपा, उर्मिला कस्तूरा, नेहा, चांदनी, ईशल, हिमानी आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य द्वारा प्रमाणपत्र वितरण करने के उपरान्त कार्यक्रम का समापन किया गया। (एजेंसी)

# 5 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए रूद्रपुर भेजे

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चारधाम यात्रा मार्ग के प्रमुख पडावो, बाजारों में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम व खाद्य कारोबारियों, उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य के उपयोग के सम्बन्ध मे विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम द्वार गोचर, कर्णप्रयाग, नन्द प्रयाग में सन्देह के आधार पर मिठाई के 2, सोया सॉस 1, दाल का 1 पनीर का 1 कुल 5 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु राजकीय खाद्य विश्लेषणशाला रुद्रपुर भेजे गये।

अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग के प्रमुख पडावो, बाजारों में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम व खाद्य कारोबारियों, उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य के उपयोग के सम्बन्ध मे विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को जन जागरुकता एवं प्रवर्तन हेतु मुख्यालय स्तर से उच्चाधिकारियों को जनपद चमोली में उपायुक्त अभिहित जीसी कण्डवाल, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान, एफडीए विजिलैस



जगदीश रतूड़ी, संजय नेगी एवं योगेन्द्र नेगी द्वारा गौचर में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों मुख्यतः होटल, रेस्टोरेन्ट, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर अस्वास्थ्यकर दशाओं में निर्माण एवं विक्रय कर रहे 18 प्रतिष्ठानों को सुधार हेतु नोटिस निर्गत किये गये। वहीं कालातीत, मिस ब्रांडेड खाद्य सामाग्री जिसमें गोचर बाजार से 19 पेटियां बिंदास नाम के सोया, चिली, टमाटर सॉस की 210 बोतलों को मौके पर नष्ट किया गया। परीक्षण रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीति में सिद्धांतों और जनता के हक की लड़ाई होनी चाहिए

नई टिहरी : कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने पार्टी दफ्तर में बैठक करने के बाद जारी प्रेस को विज्ञप्ति में जारी करते हुये कर्नाटक की जनता का आभार जताया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशा रावत ने कहा कि राजनीति में सिद्धांतों और जनता के हक की लड़ाई होनी चाहिए, भाजपा ने प्रतिशोध की राजनीति के चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करवाई है। भाजपा देश हित के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकने में लगी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राणा ने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक की जनता से जो वादे किये थे, उन्हें पूरा न करने का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा है। कांगेस ने हमेशा देश युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। भाजपा सरकार आज देश की जितनी सम्पति को निजी हाथों में बेच रही है, यह सब कांग्रेस पार्टी ने देश हित के लिये अर्जित की थी। उन्होंने कहा कि जनता धीरे-धीरे भाजपा की नीतियों को समझ रही है, जिसके परिणाम आने शुरू हो रहे हैं। भाजपा की करनी और कथनी में जमीन आसमान का अंत है। मौके पर मुर्शरफ अली, ममता उनियाल, ज्योति प्रसाद भट्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### इंदिरा नगर में दूषित पानी की समस्या पर रोष

देहरादून। महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को इंदिरा नगर में दूषित पानी की समस्या को लेकर दिलाराम वाटर वर्क्स में जल संस्थान की अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस दौश्रान दूषित पानी की समस्या पर रोष जताया।

महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने बताया कि वार्ड में नेपाली डिब्बा, पंचायती मंदिर और चौधरी बिहारी लाल मार्ग में पुरानी सीवर लाइन होने के कारण रिसाव हो रहा है। इससे पेयजल दूषित हो रहा है। घरों में कीड़े वाला दूषित पानी आ रहा है। इससे बीमारियां फैलने का खतरा है। उन्होंने चेतावनी दी की अगर शीघ्र समस्या का समाधान न किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्रवासियों के साथ जल संस्थान पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# डीएम अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई का आयोजन

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आज जनसुनवाई में 92 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों में नगर निगम की भूमि पर कब्जा, सम्पति बटवारा विवाद, आर्थिक सहायता दिलाने, स्कूल में दाखिला दिलाने, फीस माफ करवाने, भूमि की पैमाईस कराने, पेंशन दिलाने, ठेकेदार द्वारा मकान बनाने, एवं कोरोना काल में पिता की मृत्यु होने पर बच्चों को शिक्षा इत्यादि को लेकर लाभान्वित कराने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान अजबपुर निवासी पूर्व सैनिक बीआर यादव द्वारा गत दिवस जनता दरबार में लगाई गई फरियाद के निस्तारण पर जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता की भूमि को कब्जामुक्त कराने हेतु संबंधित उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए, जबकि आपसी विवाद पुलिस अधीक्षक को निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं वेटेरन सेवानिवृत्त सुविधा बलवंत सिंह रावत



द्वारा अपनी पेंशन/लाभ की अधिकारिक मांग पर जिलाधिकारी ने उन्हें अपने सम्मुख बिठाकर उनकी समस्या को विस्तारपूर्वक सुना तथा निस्तारण/कार्यवाही हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया।

इसी प्रकार नगर निगम के अधिकारियों को निगम की भूमि से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। साथ सम्पत्ति विवाद के प्रकरणों पर अभिलेखीय जांच सहित मौका मुआयना कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें।

## छात्र–छात्राओं ने रैली निकालकर किया जागरूक

चमोली : सरस्वती शिशु मंदिर थराली एव गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा समाज में बढ़ रही नशे की प्रबृति के बिरुद्ध आम जनमानस को जागृत करने के लिए थराली बाजार में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली थराली बाजार, स्टेट बैंक होते हुए थराली तीराहे से रामलीला मैदान तक निकाली गई। रैली में छोटे छोटे बच्चे हाथो पर नशा न करने के स्लोगन के पोस्टर लिए नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी थराली देवेंद्र सिंह रावत ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा जीवन को खोखला बना देता है। जितनी भी घटनाएं होती हैं अधिकांश नशे के कारण होती है । इसलिए छात्र छात्राओं को अपने परिवार के साथ समाज को भी जागरूक करना होगा।

# जनता दरबार में 18 शिकायतों का निस्तारण

नई टिहरी : डीएम डा. सौरभ गहरवार ने आयोजित जनता दरबार में 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए लघु सिंचाई विभाग को तिमली क्षेत्र में सिंचाई के लिए एचडीपीई पाइप लगाने के निर्देश दिए। जबकि पुनर्वास विभाग को भल्डियाना की रूपी देवी की शिकायत पर पात्रता में फर्जीवाड़ा कर भुगतान हड़पने के मामले में कड़ी कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। सोमवार को कलक्ट्रेट में आयोजित जनता दरबार में डीएम ने सभी अधिकारियों को आम लोगों की शिकायतों का तय समय के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में अध्यक्ष किसान सभा सोबन सिंह भण्डारी ने तिमली (दुबलियाणा) क्षेत्र के किसानों की खेती, सिंचाई गूलों एवं घराट तक पानी की व्यवस्था किये जाने की मांग की। जिस पर डीएम ने एचडीपीई पाइप लाइन की मदद से ईई लघु सिंचाई विभाग को दो दिन के भीतर कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

शीशम झाड़ी मुनिकीरेती निवासी जगदीश कुलियाल ने मुनिकीरेती क्षेत्रान्तर्गत दयानन्द मार्ग का डामरीकरण एवं नाली निर्माण की मांग की। जिस पर ईई लोनिवि नरेन्द्रनगर को प्रकरण कार्यवाही कर शिकायत कर्ता को निस्तारण से अवगत कराने के निर्देश दिए। समाजसेवी हरिकृष्ण भट्ट ने देवप्रयाग में आपदा के दौरान जमा मलबे को हटाने की मांग की।

# ग्राम प्रधान पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। दुकान पर बैठे एक ग्राम प्रधान पर धारदार हथियार से हमला कर देने का मामला सामने आया है। श्यामपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए धारदार हथियार बरामद कर लिया है। घायल ग्राम प्रधान का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना क्षेत्र के गांव लालढांग में रविवार देर रात घटित हुई। गांव लालढांग के ग्राम प्रधान दिनेश कर्णवाल का एक मेडिकल स्टोर है। रोजाना की भांति रविवार देर रात अपने मेडिकल स्टोर पर मौजूद थे। इसी दौरान वहां पहुंचे एक युवक ने ग्राम प्रधान से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपी ने सामने की दुकान से लोहे का बाट उठाकर ग्राम प्रधान के सिर पर हमला कर दिया। जिससे उनका सिर फट गया। इसके बाद आरोपी फिर एक अन्य दुकान से चाकू उठाकर ग्राम प्रधान पर हमला कर दिया। आस पास के लोगों के एकत्र होकर ग्राम प्रधान को छुड़ाया। स्थानीय नागरिकों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इधर, हमले में घायल ग्राम प्रधान को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। एसओ विनोद थपलियाल ने बताया कि आरोपी का नाम वैभव तयाल निवासी नजीवाबाद बिजनौर है।

## डीएम से सड़क व पुलिया निर्माण की मांग की

नई टिहरी : प्रधान संगठन टिहरी गढ़वाल के जिलाध्यक्ष और मंजखेत के ग्राम प्रधान रविंद्र राणा ने क्षेत्र के लगभग 15 वर्षों से लंबित लालूरी कोटिमहरब्बी–मंजखेत मोटर मार्ग को मंजखेत से लेकर मौरियाणा तक अवशेष मोटर मार्ग निर्माण तत्काली करने व नगुन गाड़ के सांगोंतोक में लगभग 24 वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण की मांग को लेकर पत्र सौंपा। डीएम को पत्र के माध्यम से बताया कि मंजखेत के सांगों तोक में लगभग 24 वर्ष पूर्व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे क्षेत्र के लगभग 15 गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं। पुलिया न होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहें हैं। मंजखेत से मौरियाना तक 5 किलोमीटर मोटर मार्ग निर्माण न होने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और प्रसूति महिलाओं को आवागमन में अनावश्यक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष राणा ने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि इतने लंबे समय अंतराल के बावजूद भी पुलिया और सड़क निर्माण न होना संबंधित विभागीय अधिकारियों की जनता के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

# जीआईसी दीनगांव में छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की

नई टिहरी : ब्लाक प्रतापनगर के दीनगांव जीआईसी में स्व. अरुण त्रिपाठी फाउंडेशन ने विद्यालय के मेधावी एवं निर्धन छात्र-छात्राओं को छात्रवृति का वितरण किया। छात्रवृति का वितरण बतौर मुख्य अतिथि अपर निदेशक माध्यमिक गढ़वाल महावीर सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विष्ट ने कहा कि फाउंडेशन की यह पहल सराहनीय है। सामाजिक रूप से इस तरह के काम छात्रों के हितों के लिए अहम होते हैं। छात्रवृति वितरण समारोह में सर्वप्रथम स्व. अरुण त्रिपाठी को श्रद्धांजलि प्रदान की गई। इस क्षेत्र के लोगों से लगाव होने के कारण कई सामाजिक व शैक्षिक सुधार के लिए उन्होंने काम किया। इस



अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी दिवाकर प्रसाद पैन्यूली ने स्व. अरुण त्रिपाठी के कामों की चर्चा व सराहना की। वर्ष 2022-23 के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को 61200 रुपये की धनराशि का वितरण किया। जिसमें कक्षा 6 की लक्ष्मी, समर व सपना को 6-6 हजार, कक्षा 7 के नीरक्ष को 6600, कक्षा आठ के अंकित को 7200, कक्षा 9 की नर्मदा को 8400, कक्षा दस की भागेश्वरी को 9 हजार व कक्षा 12 की सपना को 12 हजार रुपये की छात्रवृति प्रदान की गई।

# मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों ने किया राज्य कर भवन में प्रदर्शन

देहरादून। प्रमोशन मानक में शिथिलता, नए पदो के सृजन समेत विभिन्न मांगों को लेकर राज्य कर विभाग के मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों ने राज्य कर भवन पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग करते हुए सरकार से लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

कार्यवाही न होने पर 22 मई से काली फीती आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। सोमवार सुबह 11 बजे लक्ष्मी रोड स्थित राज्य कर भवन में कार्यरत कर्मचारी दफ्तर से बाहर निकल आए और नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन नेगी ने कहा कि कार्मिकों की बुनियादी समस्याओं पर भी निर्णय नहीं किए जा रहे हैं।

यदि जल्द कार्यवाही न हुई तो जल्द ही चरणबद्ध तरीके से आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। 22 मई कर्मचारी से काली फीती बांध कर कार्य करेंगे। शाखा अध्यक्ष महिमा कुकरेती और शाखा मंत्री ज्योति पटवाल ने कहा कि कर्मचारियों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है।

कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडे ने आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि राज्य कर विभाग प्रदेश का सबसे ज्यादा राजस्व जुटाने वाला विभाग है। इस विभाग की कार्यप्रणाली दूसरे विभागों से अलग है।

# चुनाव को लेकर छात्रों का कुलपति कार्यालय पर प्रदर्शन

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रों ने छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर कुलपति कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कुलपति के साथ हुए अभद्रता पर मार्च–2019 में विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने छात्र संघ के चुनाव पर तीन साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। सितंबर माह में चुनाव कराए जाने के कुलपति के आश्वासन पर छात्रों ने अपना धरना समाप्त किया। सोमवार को करीब दो बजे विश्वविद्यालय के छात्र विश्वविद्यालय की एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष आशु मलिक के नेतृत्व में कुलपति कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां पर छात्रों ने चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित प्रो. विनय



विद्यालंकर, डॉ. अजय मलिक, डॉ. अजीत तोमर, डॉ. अजेंद्र सहित कई शिक्षक मौके पर पहुंच गए। शिक्षकों ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन छात्र चुनाव कराए जाने की मांग पर अड़े रहे। कुलपति ने छात्रों से वार्ता करते हुए आगामी छात्र संघ के चुनाव के एजेंडे को बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट में ले जाने के बाद सितंबर माह में चुनाव कराए जाने का आश्वासन दिया।

# गर्मी में झुलस रहे मुसाफिर, यात्री शेड पर रेहड़ी-ठेली का कब्जा

**कोटद्वार बस स्टेशन के समीप बने यात्री शेड पर बनी हैं अव्यवस्थाएं ,चिलचिलाती धूप में खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे मुसाफिर**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गर्मी का पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप में चंद मिनट खड़े रहना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में यात्री धूप में वाहनों का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं। हालत यह है कि बस अड्डे के समीप बने एकमात्र यात्री शेड पर वर्षों से रेहड़ी-ठेली वालों ने अपना कब्जा जमाया हुआ है। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दावे करने वाले निगम व प्रशासन को यह अतिक्रमण नहीं दिखाई दे रहा। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार से हर रोज सैकड़ों यात्री पहाड़ व मैदान के लिए यात्रा करते हैं। ऐसे में गर्मी के मौसम में यात्रियों को वाहन के लिए अग्निपरीक्ष से गुजरना पड़ रहा है। दोपहर के समय तन झुलसा देने वाली धूप के बीच यात्री वाहनों के इंतजार को मजबूर हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रहे मुसाफिरों को हो रही है। हालत यह है कि वर्षों पूर्व यात्रियों की सुविधा के लिए बाजार चौकी के समीप बनाए गए यात्री शेड पर भी रेहड़ी-ठेली का कब्जा हो गया है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बानने के दावे करने वाली पुलिस को यात्री शेड पर हुआ अतिक्रमण नहीं दिखाई देता।

### पानी को भी तरस रहे यात्री

भीषण गर्मी के बीच यात्री कोटद्वार बस अड्डे में पीने के पानी को भी तरस रहे हैं। यात्री बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हो रहे है। जबकि, पूर्व में क्षेत्रवासी कई बार बस अड्डे पर एक सार्वजनिक प्याऊ बनवाने की भी मांग उठा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। बाजार चौकी के समीप बने सार्वजनिक प्याऊ की स्थिति भी बदहाल पड़ी हुई है।

यात्री शेड में अतिक्रमण के संबंध में जानकारी नहीं है। यदि कहीं यात्री शेड पर अतिक्रमण किया गया है तो उसे तत्काल हटाया जाएगा।

**...वैभव गुप्ता, नगर आयुक्त, कोटद्वार नगर निगम**

### बैठने की व्यवस्था तक नहीं

खुले आसमान के नीचे चिलचिलाती धूप में खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे बच्चे व बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। यही नहीं बस अड्डे में यात्रियों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उन्हें खड़े रहकर ही वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है।



कोटद्वार के स्टेशन रोड में यात्री शेड पर लगी रेहड़ी-ठेली

# ओम रावत ने एनडीए परीक्षा में हासिल की 134वी रैंक



ओम रावत को सम्मानित करते शिक्षक

**कोटद्वार :** हैप्पी होम स्कूल के छात्र ओम रावत ने एनडीए परीक्षा में 134वीं रैंक प्राप्त की है। इस दौरान ओम रावत को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। सोमवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ओम रावत ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा के साथ एनडीए की भी तैयारी की। ओम ने 12वीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। साथ ही एनडीए की परीक्षा में ऑल इंडिया 134वीं रैंक हासिल की। ओम रावत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावक व शिक्षकों को दिया है। विद्यालय की निर्देशिका उमा सिंह व प्रधानाचार्य शालिनी सिंह ने कहा कि ओम रावत विद्यालय का एक होनहार छात्र है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी।

# समाज को भगवान राम के विचारों पर चलने की आवश्यकता : राणा

**कोटद्वार** : दुगड्डा में महिला रामलीला का मंचन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने समाज से भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

लोककला सांस्कृतिक समिति मानपुर, महिला रामलीला कमेटी कण्वनगरी कोटद्वार के सौजन्य से दुगड्डा में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। राम लीला मंचन के 5वें दिन प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र सिंह राणा ने मुख्य अतिथि से रूप में प्रतिभाग किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि वह पहली बार महिला पात्रों को रामलीला का मंचन करते हुए देख रहे हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर चल रही हैं। कहा कि हमें मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भावना चौहान, सभासद आशा देवी, अशोक गोयल, बृजमोहन उनियाल, विक्रम गुसांई, संजय अग्रवाल, अन्जुल शर्मा, जितेन्द्र खर्कवाल एवं बड़ी संख्या मे दर्शक गण मौजूद रहे।



दुगड्डा में रामलीला का शुभारंभ करते पहुंची ब्लॉक प्रमुख को सम्मानित करते सदस्य

### पालिका ने शुरू किये दो आधुनिक शौचालय, मिलेगी सुविधा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सोमवार को पौड़ी शहर में पालिका ने दो आधुनिक शौचालयों की शुरूआत हो गई है। इससे जहां लोगों को सुविधा मिलेगी वहीं शहर में स्वच्छता भी बनी रहेगी। दोनों ही शौचालय काफी पुराने और जीर्ण-शीर्ण हो गए थे।

पालिकाध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम ने बताया है कि दोनों शौचालय हाईटैक बनाएं गए है। जिसमें सभी सुविधाएं दी गई है। धारा रोड और अपर बाजार स्थित इन नए बने शौचालयों की शुरूआत व्यापारी रविन्द्र रावत और राजेंद्र रावत ने की। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि इससे शहर में स्वच्छता बनी रहेगी और लोगों को सुविधा मिलेगी। पालिकाध्यक्ष ने आम लोगों से इनके उपयोग के साथ स्वच्छता बनाएं रखने को भी कहा है।

# विद्यालय की छत में फंसे सैकड़ों छात्र, अग्निशमन विभाग ने चलाया रेस्क्यू

### आग्निशमन विभाग की ओर से आयोजित की गई मॉक ड्रिल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** दमकल विभाग ने मॉक ड्रिल अभियान चलाकर एक विद्यालय की छत में फंसे सैकड़ों बच्चों को सकुशल छत से नीचे उतारा। इस दौरान विभाग ने बच्चों को आपदा से बचाव के तरीकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।

शिब्बूनगर स्थित स्कालर एकेडमी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को आपदा से बचाव व अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी। कहा कि आपदा से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। आग जैसी घटनाओं को समय पर रोका जा सके इसके लिए हमें अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की जानकारी होनी चाहिए। कार्यशाला के दौरान मॉक ड्रिल के माध्यम से रसोई सिलेंडर में आग लगने पर उसे बुझाना व छत या पहाड़ में फंसे लोगों का रेस्क्यू किसी तरह किया जाएं इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने की भी अपील की। कहा कि कहीं भी आग लगने की घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दें। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य एकता रावत, जगमोहन नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में मॉक ड्रिल के दौरान विद्यालय की छत में फंसे विद्यार्थियों को निकालती दमकल टीम

# पोस्टर और फैंसी ड्रेस में शिवानी तो केस सज्जा में पूजा रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में छात्र संघ परिषद, सांस्कृतिक परिषद एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर पोस्टर प्रदर्शनी, रंगोली, केश सज्जा एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी बीएससी द्वितीय सेमस्टर, केश सज्जा प्रतियोगिता में पूजा रानी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पोस्टर प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. जेसी. भट्ट, डॉ. चंद्रकान्त तिवारी, डॉ. विनोद कुमार शामिल रहे। शिवानी बीएससी द्वितीय सेमस्टर, राहुल सिंह बीए द्वितीय सेमेस्टर एवं काजल रावत बीए द्वितीय सेमेस्टर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया। रंगोली प्रतियोगिता में आशीष मंमगाईं एवं बृजेश धस्माना बीएससी तृतीय वर्ष, हिमांशी भण्डारी एवं यशोदा बीए द्वितीय सेमेस्टर, मोहित सिंह राणा एवं सुनील सिंह बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका डॉ. नवरतन सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. मीनू बुटोला ने निभाई। केश सज्जा प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल डॉ. छाया सिंह, डॉ. विकास प्रताप सिंह, डॉ. अजय कुमार, डॉ. मीनू बुटोला के अनुसार पूजा रानी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, अंजलि एमए द्वितीय सेमेस्टर, शालिनी बीए द्वितीय वर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिवानी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम, सुष्मिता एमए द्वितीय सेमेस्टर ने द्वितीय एवं बीना बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. सुधीर सिंह रावत, डॉ. दुदुन मेहता एवं डॉ. मीनू बुटोला रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक परिषद की संयोजक डॉ. निर्मला रावत ने किया।



रंगोली प्रतियोगिता में रंगोली बनाते हुए छात्राएं।

### एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : अनुजाति, जनजाति संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ की बैठक में सभी संगठनो को एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि परिसंघ प्रदेश के सभी जिलों में संगठन का विस्तारीकरण करेगा।

पौड़ी में आयोजित परिसंघ की बैठक में प्रदेश महासचिव श्रीकांत ने कहा कि परिसंघ पूरे भारत में एससी, एसटी, ओबीसी और सभी वंचित समाज के हक अधिकारों को बचाने के लिए गोलमेज सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह टम्टा ने कहा कि बैकलॉग के रिक्त पदों को भरने, पदोन्नति में आरक्षण बहाल करने, इरशाद हुसैन की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, सफाई कर्मचारियों की ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने सहित विभिन्न समस्याओं के हल को लेकर परिसंघ लगातार प्रयासरत है। कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का हल नहीं होने पर परिसंघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता शैलजा सिंह आर्य, विजय कुमार, मातबर लाल, अतर सिंह, टीका सिंह, संतोष कुमार, शालू आदि शामिल रहे।

# मातृ दिवस पर नन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

### टीसीजी पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मातृ दिवस पर टीसीजी पब्लिक स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के नन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की माताओं के लिए भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य नीना देवी, अंजू बिष्ट, पूजा देवी, प्रमिला देवी व सुमनलता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि छोटे-छोटे मंचों के माध्यम से ही विद्यार्थियों को बड़े मंचों का अनुभव मिलता है। कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता की संयोजिका निर्मला रावत ने बताया कि विद्यार्थियों की माता के लिए आयोजित कुर्सी दौड़ में सरिता देवी प्रथम व पिंकी देवी द्वितीय स्थान पर रही। जबकि, अग्निरहित भोजन प्रतियोगिता में कीर्तिश ने प्रथम, राखी जुयाल ने द्वितीय एवं चांदनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया।



टीसीजी पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रस्तुत करते नन्हें बच्चें

# बिना सत्यापन क्षेत्र में रह रहे अधिकांश किरायेदार

**कोटद्वार :** बिना सत्यापन किराएदारों को कमरा देने वाले भवन स्वामियों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है।

सोमवार को पुलिस ने अभियान चलाते हुए 16 भवन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान भवन स्वामियों से अपने किरायेदारों का सत्यापन अवश्य करवाने की अपील की गई। सोमवार को पुलिस ने आमपड़ाव व लकड़ीपड़ाव क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने कहा कि शहर को अपराध मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि अभियान चलाने के बाद भी कई भवन स्वामी किरायेदारों के सत्यापन को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। ऐसे में पुलिस लगातार उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई कर रही है। बताया कि इन भवन स्वामियों से 1.60 लाख का जुर्माना वसूला गया है। बताया कि पुलिस का सत्यापन अभियान आगे भी जारी रहेगा।



कोटद्वार में सत्यापन अभियान चलाती पुलिस

### अनुरोध के आधार पर तबादले की उठाई मांग

**पौड़ी** : राजकीय शिक्षक संघ ने अनुरोध के आधार पर शिक्षकों के शत-प्रतिशत तबादले की मांग उठाई है। साथ ही अटल उत्कृष्ट स्कूलों के रिजल्ट के आधार पर शिक्षकों पर एक तरफा कार्रवाई का भी विरोध किया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर पदाधिकारियों और शिक्षकों की आवाज दबाने का भी आरोप लगाया। कहा कि लोकतांत्रिक ढंग से कोई शिक्षक अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र है।पौड़ी में संघ के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुंसाई की अगुवाई में हुई बैठकों में शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक राजकीय स्कूलों में विषम परिस्थितियों और कम संसाधनों में शिक्षक कार्य कर रहे है। स्कूलों में पूरे न तो भौतिक संसाधन है और नहीं मानवीय। संघ ने डीजी शिक्षा को अपने आदेश पर पुर्नविचार करने की भी बात कही। संघ ने इसके साथ ही शिक्षा मंत्री और माध्यमिक शिक्षा विभाग से मांग की कि अनुरोध के आधार पर शिक्षकों के शत-प्रतिशत तबादले अमल में लाए जाए। बैठक में संघ के जिला मंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला उपाध्क्ष मनोज काला, संरक्षक जयदीप रावत, राजेश भट्ट, आशीष खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

# नशा छोड़ योग को जीवन में अपनाएं युवा

**महाविद्यालय सतपुली में आयोजित किया गया योग शिविर**

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार/सतपुली** : सतपुली स्थित राजकीय महाविद्यालय में एंटी ड्रग्स के तत्वाधान में नशा मुक्त अभियान के तहत योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं से नशे से दूर रहकर जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश इस्टवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षक विनोद घिल्डियाल ने महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योग की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि योग के माध्यम से हम स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। योग शिविर में उपस्थित एंटी ड्रग समिति के सदस्य पुष्पेंद्र राणा व पीएलबी सतपुली ने छात्र–छात्राओं को कानूनी जानकारी सहित एंड ट्रक्स नशा उन्मूलन, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय में एंट्री ट्रक समिति की नोडल अधिकारी डॉ दीप्ति माहेश्वरी ने छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने को लेकर जागरूक किया।



बच्चों को योगाभ्यास करवाते योग शिक्षक

# राशिसं की ब्लॉक इकाई का चुनाव संपन्न, गिरीश चंद्र राय अध्यक्ष और मनोज गुणवंत बने महामंत्री



रुद्रपुर। राजकीय शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई का चुनाव संपन्न हो गया। अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए चुनाव हुआ जबकि शेष अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मतदान में 198 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया और दो मत निरस्त हो गए। थारू राइका में आयोजित मतदान में शाम के समय चुनाव परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए गिरीश चंद्र राय और गोकुलानंद कापड़ी के बीच चुनाव हुआ। इसमें गिरीश राय को 117 और कापड़ी को 81 मत मिले। इस चुनाव में राय ने 36 वोट से जीत हासिल की। महामंत्री पद के चुनाव में मनोज गुणवंत को 147 और संतोष कुमार को 49 वोट मिले। मनोज 98 मतों से चुनाव जीते। उपाध्यक्ष भुवन चंद्र कालोनी, महिला उपाध्यक्ष में सुखजीत कौर, संयुक्त मंत्री पुरुष महिपाल सिंह, संयुक्त मंत्री महिला गीता किशोर, आय व्यय निरीक्षक मंजू राणा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को जिलामंत्री ने शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर प्रताप सिंह यादव, प्रमोद सक्सेना, मनमोहन अग्रवाल, पान सिंह मेहता, रावेंद्र कुमार रवि,रतन कुमार झा मौजूद थे।

### शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी सम्पन्न

खटीमा। थारू राजकीय इण्टर कॉलेज के सभागार शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का शुभारंभ सरस्वती वन्दना से हुआ। मुख्य अतिथि ईस्टर के कारखाना प्रबंधक अजय मेहता, विशिष्ट अतिथि सुदर्शन वर्मा, संरक्षक शिव भगवान मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने शिक्षकों को संबोधित भी किया। मुख्य अतिथि मेहता ने कहा कि शिक्षक का पद गरिमामय है और हर घर के भविष्य का सशक्त निर्माता है। अगर शिक्षक समस्याओं से उलझा रहेगा तो देश का भविष्य उलझ जाएगा।

## राज्य कर विभाग कर्मियों ने किया विरोध–प्रदर्शन



रुद्रपुर। राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन के नेतृत्व में राज्य कर विभाग के कर्मियों ने प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने पदोन्नति, कर्मचारियों की कमी समेत अन्य लम्बित मांगों को पूरा करने की मांग की। मांगे पूरी नहीं होने पर 22 मई को काला फीता बांधकर विरोध करने की चेतावनी शासन प्रशासन को दी। सोमवार को राज्य कर विभाग के गेट पर प्रदर्शन के दौरान एक सभा हुई । सभा में राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ के प्रदेश महामंत्री राकेश चन्द्र जखमोला ने कहा कि एकीकृत कर प्रणाली जीएसटी लागू होने के बाद से आज तक कर्मचारियों का ढांचा नहीं बन पाया है, जबकि कर्मचारियों की भारी कमी के बावजूद उच्चाधिकारियों ने शासन को कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है। ऐसे में कर्मचारियों पर काम का अतिरिक्त भार पड़ रहा है। उन्होंने शासन ने पूर्व में घोषित शिथिलीकरण नियमावली से कई कार्मिक वंचित होने के कारण इसे पुनः लागू किए जाने और पदोन्नति के लिए फोरगो पोलिसी समाप्त करने की मांग की है।

# रानीखेत में 10 आदर्श शिक्षक पं. ख्याली राम सती स्मृति सम्मान से नवाजे

अल्मोड़ा। रानीखेत (मिशन) इंटर कॉलेज में द्वितीय पं. ख्याली राम सती स्मृति शिक्षक सम्मान समारोह ताड़ीखेत ब्लॉक के पांच आदर्श शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

हाईस्कूल बोर्ड हिंदी में सर्वाधिक अंक पाने वाले वाली छात्रा को पंकज लता सती हिंदी विद्यार्थी सम्मान से नवाजा गया। सोमवार को सम्मान समारोह का मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डॉ. एनसी तिवारी और विशिष्ट अतिथि ले. जनरल (सेवानिवृत्त) मोहन चंद्र भंडारी, प्रधानाचार्य सुनील मसीह ने दीप जलाकर शुभारंभ किया।

स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित रंगारंग कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक पं. ख्याली राम सती के पोते रंगकर्मी, साहित्यकर्मी विमल सती ने शिक्षक पं. ख्यालीराम के जीवन परिचय और शिक्षक सम्मान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि ले. जनरल (सेनि) मोहन चंद्र भंडारी ने पं ख्यालीराम को एक आदर्श और कर्मठ शिक्षक बताया।

वैज्ञानिक डॉ. एनसी तिवारी ने कहा कि उस दौर में शिक्षकों ने अपनी अनुशासन प्रियता और कर्तव्यनिष्ठा से विशेष सम्मान अर्जित किया था, पं ख्यालीराम उन्हीं शिक्षकों में थे। इस मौके पर ख्याली राम सती की पुत्री आनंदी देवी सती, पुत्रवधू जगतरानी सती, पुत्र दीप चंद्र सती, प्रधानाचार्य सुनील मसीह, विनीता खातह, नेहा माहरा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही मिशन स्कूल में पढ़े 10 वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुनील मसीह और संचालन शिक्षक एमके जोजफ ने किया। यहां कैलाश सती, दया सागर, विमला सती, सरोज सती, आशा अनिल सती, मोहन नेगी, जोगेन्द्र बिष्ट, कैलाश पांडे, अगस्त लाल साह, बिशौला देवी, आसिम अली आदि मौजूद रहे।

## कृषि वैज्ञानिक करेंगे किसानों को प्रशिक्षित

हल्द्वानी। खेती में लगातार हो रहे बदलाव की जानकारी किसानों को अब कृषि वैज्ञानिक देंगे। हर माह मंडी समिति इसके लिए कार्यशाला का आयोजन करेगी। जिसमें किसानों को खेती में हो रहे बदलावों की जानकारी दी जाएगी। मौसम में हो रहे बदलाव और तकनीक के आधुनिक होने से खेती करने के तरीके में लगातार बदलाव हो रहे हैं। साथ ही बेहतर फसल के लिए वैज्ञानिक शोध भी हो किए जा रहे हैं। जिसकी जानकारी किसानों को समय से नहीं मिल पाती है।

अब किसानों को जानकारी देने के लिए मंडी समिति ने कवायद शुरू कर दी है। हर माह जीबी पंत कृषि विवि के वैज्ञानिक किसानों को खेती में हो रहे बदलाव की जानकारी देंगे।

# मेयर ने सीबीएसई के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



रुद्रपुर। बीते दिनों सीबीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। इसमें रुद्रपुर के कई स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। मेयर रामपाल सिंह ने मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

सोमवार को नगर निगम सभागार में रुद्रपुर सीबीएसई बोर्ड के नौ विद्यालयों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रथम द्वितीय और तृतीय टॉपर छात्र–छात्राओं को मेयर रामपाल सिंह ने सम्मानित किया। मेयर ने कहा कि आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी कल का भविष्य हैं। छात्र–छात्राओ ने अपनी मेधा से विद्यालय के साथ–साथ जिले भर का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चुनौतियों का सामना करने से ही व्यक्तित्व मजबूत होता है। कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पार्षद आयुष तनेजा, रामकिशन कोली, बबलू सागर, रणजीत सागर, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता, विनय विश्वास, डॉ. राकेश सिंह, राजेश जग्गा, शिव कुमार शिबू, नरेंद्र चौहान, राजेंद्र राठौड़, गजेंद्र प्रजापति मौजूद रहे।

# कानून का उल्लधंन करने पर होगी कठोर कार्रवाई



अल्मोड़ा। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए द्वाराहाट के नवनियुक्त थाना प्रभारी राजेश कुमार यादव ने थाना परिसर में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को नवनियुक्त थाना प्रभारी ने कहा कि बाहरी लोगों के सत्यापन और अवैध रूप से कार्य करने वालों पर विशेष कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा। साथ ही नशे के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण और नगर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में थाना प्रभारी को अवगत कराया। बैठक में द्वाराहाट, बिंता, बग्वालीपोखर, कफड़ा, गगास, दूनागिरी आदि क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि व व्यवसायी भी पहुंचे। यहां नगर पंचायत अध्यक्ष मुकुल साह, पूर्व अध्यक्ष अनिल चौधरी, राज्य आंदोलनकारी सुरेश साह, ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र अधिकारी, टैक्सी यूनियन के दीपक चौधरी, युगल किशोर आर्या, राजा साह, भरत साह, दिग्विजय रौतेला, अंबी राम, प्रताप राम, हेमा जोशी, यशोदा चौधरी, भीम देव,अंजू बिष्ट, राकेश मठपाल, प्रताप बिष्ट, नंदन सिंह आदि रहे।

## पंत जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

बागेश्वर। आगामी 20 मई को गरुड़ के खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज में कविवर सुमित्रानंदन पंत की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। वरिष्ठ साहित्यकार व महादेवी वर्मा सृजन पीठ के पूर्व निदेशक प्रोफेसर देव सिंह पोखरिया कवि पंत पर आधार व्याख्यान देंगे। इस दौरान काव्य गोष्ठी समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी। रविवार को वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। तय किया गया कि 20 मई को खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ में पंत जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कवि पंत पर प्रोफेसर पोखरिया का आधार व्याख्यान होगा,

# वनाग्नि की भेंट चढ़ा बंद पशुचिकित्सालय का भवन

अल्मोड़ा। धौलादेवी विकासखंड के ग्राम पंचायत अनोली में बंद पड़ा पशुधन प्रसार केंद्र जंगल के आग की भेंट चढ़ गया। बीती रात जंगल के आग की चपेट में आने पशुचिकित्सालय का भवन जलकर राख हो गया। वहीं, भवन के अंदर रखा फर्नीचर आदि भी जल गया। बताया जा रहा है कि केंद्र 12 सालों से बंद था। जानकारी अनुसार रविवार देर शाम सिविल वन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बंद पड़े पशुधन प्रसार केंद्र तक पहुंच गई। जिसके बाद कुछ ही देर में आग ने भवन को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन आग की तेज लपटों के चलते भवन को नहीं बचा सके। ग्राम पंचायत के अनोली निवासी पुष्कर सिंह कफलिया ने बताया कि वन विभाग को इसकी सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। इधर, सोमवार की सुबह थाना दन्या पुलिस टीम घटनास्थल के निरीक्षण को पहुंची। थाना दन्या उपनिरीक्षक नीमा आर्या ने बताया पशुपालन भवन लगभग आठ–दस साल से बंद पड़ा था। जिसके अंदर



पुराना टूटा–फूट फर्नीचर पड़ा था, जो जल गया है। भवन में लकड़ी और टिन भी जल गए हैं।

केंद्र 12 साल से बंद था, क्षेत्र के सिविल वन में आग लगने से भवन आग की जद में आ गया, भवन में पुराना फर्नीचर समेत लकड़ी और टिन जल गई है। –योगेश अग्रवाल, पशु चिकित्सा अधिकारी धौलादेवी।

# पीएचसी बडालू में अब लोगों को 24 घंटे मिलेगा उपचार

पिथौरागढ़। मूनाकोट विकासखंड में रहने वाले हजारों लोगों को अब पीएचसी बडालू में रात में भी इलाज की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए विभाग ने रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए रोस्टर जारी किया है। रात्रि ड्यूटी में चिकित्सक, स्टाफ नर्स और वार्ड ब्वॉय सहित तीन कर्मी तैनात रहेंगे। बडालू स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अब 24 घंटे लोगों को इलाज की सुविधा मिलेगी। सीएमओ डॉ. एचएस ह्यांकी के निर्देश के बाद प्रभारी चिकित्साधिकारी ने एक रोस्टर जारी किया है। जिसमें रात्रि कालीन के लिए दिनवार कर्मचारियों की ड्यूटी की व्यवस्था की गई है। विभाग की इस पहल के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्राम प्रधान दिवाकर जोशी, महेश जोशी, संतोष चन्द, रविन्द्र संतोलिया, संजय चन्द, हरीश जोशी, संतोष राम ने विधायक विशन सिंह चुफाल और सीएमओ का आभार जताया है। प्रधान जोशी ने कहा कि पूर्व तक दोपहर दो बजे ही अस्पताल में सुविधा मिल रही थी। ऐसे में निर्धारित समय बाद आपात स्थिति में लोगों को जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही थी। आमजन को हो ही दिक्कत को ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष रखा।

## विज्ञान प्रोत्साहन कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी पूरी

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा के विकास भवन सभागार में एक दिवसीय विज्ञान प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजन किया गया। सीडीओ अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तय किया गया कि 19 मई को उदयशंकर नाट्य अकादमी में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए विज्ञान प्रोत्साहन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संचालन के लिए यूकॉस्ट देहरादून को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। सीडीओ ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं मुख्य शिक्षाधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

चम्पावत। टनकपुर के सैलानीगोठ गांव में ग्राम प्रधान ने समूह की महिलाओं, ग्रामीणों संग बैठक की। इस दौरान ग्राम प्रधान ने गरीब महिलाओं को सरकार की तमाम योजनाओं से अवगत कराया। रविवार देर शाम ग्राम प्रधान रमिला आर्य ने बताया कि सैलानीगोठ पंचायत भवन में समूह की महिलाओं और ग्रामीणों संग बैठक आयोजित की गई। इसमें पीआरपी कमला महर ने गांव की तमाम महिलाओं को समूह में जुड़ने का आग्रह किया। ताकि गरीब महिलाएं अपनी आजीविका चला सकें। इस दौरान उन्होंने सरकार की तमाम योजनाओं को महिलाओं के सम्मुख उजागर किया। यहां लक्ष्मी देवी, प्रभा सिंह, करिश्मा देवी, गीता, रंजीता नेगी, जानकी देवी, रेखा देवी, अनीता नेगी आदि रहे।

# पीडीपीएल मजदूर यूनियन ने अम्बेडकर पार्क में की आमसभा



रुद्रपुर। बीते 21 अप्रैल को प्रफैक्ट प्राइबेट लिमिटेट मजदूर यूनियन के 41 स्थायी मजदूर को फैक्ट्री में नो एंट्री को खिलाफ आम सभा को ट्रेड यूनियन ऐक्टू, इंकलाबी मजदूर केंद्र, सिडकुल संयुक्त श्रमिक मोर्चा और अन्य मजदूर संगठनों ने सरकार से हस्तक्षेप कर 41 मजदूरों को बहाल करने की मांग की है। सोमवार को अम्बेडकर पार्क में आम सभा के दौरान ट्रेड यूनियन एक्ट के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि 21 अप्रैल से पीडीपीएल मजदूर यूनियन के सभी 41 स्थायी मजदूर अन्याय झेल रहे हैं। वहीं 25 दिनों से मजदूर कम्पनी गेट के सामने ड्यूटी का इंतजार करते हुए भरी धूप में भूखे–प्यासे खड़े हैं। वहीं सिडकुल संयुक्त श्रमिक मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि सिडकुल में फैक्ट्री मालिकों की मनमानी से औद्योगिक माहौल बिगड़ रहा है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के नेता सुरेंद्र रावत ने कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों के हितों के लिए मजदूर विरोधी श्रम कोड लाई है। इसके लागू होते ही तमाम श्रम अधिकार निलंबित हो जाएंगे। इस दौरान दीपिका भारती, रेणु गंगवार, पुष्पा मौर्या, मीरा राय, सीमा, विनीता, गीता देवी, चंदन मेवाड़ी, मनोज आर्य, दुधनाथ भारती, चंद्रा सिंह, ललित जोशी, नवजोत परिहार, मनोज और लोग मौजूद रहे।

# पंचायतों की आय बढ़ाने पर होगा फोकस: सतपाल महाराज



बागेश्वर। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि केंद्र से 242 करोड़ रुपये राज्य को मिले हैं। उन्होंने कहा कि 14 विभागों को पंचायतों के अधीन करने का जीओ भी हो गया है। कहा अब पंचायतों की आय बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। सोमवार को काबीना मंत्री महाराज ने भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि पंचायतों को मजबूत बनाया जा रहा है। तभी देश मजबूत होगा। कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण और देशाटन में काफी पैसा व्यय किया गया है। राजस्थान, केरल आदि पंचायतों के कामकाज आदि देख कर पंचायत प्रतिनिधि अभिभूत हुए हैं। वहां से ज्ञानार्जन कर लौटे और पंचायतों की ताकत आदि का अंदाजा भी उन्होंने लगाया है। निश्चित तौर से उत्तराखंड आगे बढ़ेगा। पंचायतें आय बढ़ाने के लिए मशरूम, कीवी और अन्य मोटे अनाज का उत्पाद करेंगे।कहा कि चारधाम यात्रा में अभी तक सात लाख 76 हजार 140 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बारिश और हिमपात के कारण बीच में यात्रा रोकी गई थी। श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया जा रहा है। वह मौसम विभाग के अपडेट के बाद ही यात्रा प्रारंभ करेंगे। उन्होंने कहा मंगलवार को कार्तिकेय स्वामी की भव्य पूजा का आयोजन हो रहा है। यह विशेष पूजा है और दक्षिण के लोग भारी संख्या में आ रहे हैं। कहा कि कर्नाटक का निर्णय स्वीकार है। त्रुटि आदि पर मंथन होगा और समाधान किया जाएगा। बागेश्वर पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़ेगा। पैराग्लाइडिंग, रीवर राफ्टिंग, रॉक क्लाविंग, ट्रैकिंग, धार्मिक पर्यटन पर फोकस है। मुख्यमंत्री पर्यटन को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई स्थानों का निरीक्षण किया गया है। जिसमें कई खामियां हैं। उन पर भी काम किया जाएगा।

## प्रशासनिक भवन रहा स्टाफ स्पोर्ट्स एथलेटिक मीट का चैम्पियन

रुद्रपुर। जीबी पंत विवि के कर्मियों की 25वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता 13 मई तक विवि के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इसमें प्रशासनिक भवन के सबसे अधिक कर्मियों ने भाग लेकर कुल 47 पदक प्राप्त कर चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया। सोमवार को विवि के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित स्टाफ स्पोर्टस के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति और कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं।

# आनुवांशिकता को प्रभावित करते हैं जीन

चम्पावत। जीन आनुवांशिकता को प्रभावित करते हैं। ये बात प्रो.एसएस जीना ने साइंस आउटरीच कार्यशाला में कही। कार्यशाला में उन्होंने जीन की अवधारणा की जानकारी दी। चम्पावत में सोमवार को सीएनराव फाउंडेशन की ओर से आयोजित साइंस आउटरीच कार्यशाला का समापन हुआ। समापन पर विशेषज्ञों ने छात्र छात्राओं को जानकारी दी। डॉ.जयश्री सनवाल भट्ट ने हिमालय की संरचना और भूकंप के बारे में बताया। उन्होंने भूकंप के कारण, इससे होने वाले नुकसान और बचाव की जानकारी दी। प्रो.बीडी लखचौरा ने विभिन्न जीवों के मध्य समानता और विविधता के बारे में बताया। प्रो.ईश्वरमूर्थी ने आवर्त सारणी के छिपे इतिहास की जानकारी दी। प्रो.प्रताप विश्नोई ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया। प्रो.राजीव कापड़ी ने छात्र छात्राओं को विज्ञान में कॅरियर बनाने की जानकारी दी। हिमालयन ग्राम विकास समिति के राजेंद्र बिष्ट ने बताया कि दो दिनी कार्यशाला में 17 स्कूलों के 103 छात्र छात्राओं और 25 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने कार्यशाला को लेकर फीड बैक दिया। कार्यक्रम में जिला विज्ञान सह समंवयक नवीन पंत, मनोज जोशी, राजेंद्र गड़कोटी, डॉ.एमपी जोशी, प्रदीप जोशी, नीरज पांडेय ने सहयोग दिया।

## रेडक्रॉस सदस्यों ने किया रक्तदान

बागेश्वर। रेडक्रॉस सदस्यों ने जिला अस्पताल जाकर रक्तदान कर पीड़ित की मदद की है। सोसायटी के जिला सचिव आलोक पांडे ने बताया कि जिला अस्पताल में आनंदी देवी व बरचा देवी भर्ती थी। जिन्हे ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हुई। इसके लिए उन्होंने रेडक्रॉस से संपर्क किया।

सूचना के बाद सोसायटी के सदस्य व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोईनउद्दीन अहमद तिवारी व हिमांशु जोशी ने अस्पताल जाकर रक्तदान किया। पीड़ित परिवार ने सोसायटी के प्रति आभार जताया है।

## सम्पादकीय

# देवभूमि की मर्यादा से खिलवाड़

किसी भी स्थान की पवित्रता और गरिमा को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि उस स्थान में आने वाले पर्यटक अच्छे आचरण का प्रदर्शन करें। खासतौर से यात्रा जब किसी धार्मिक स्थल की हो तो वहां स्थानीय परंपराओं एवं शुद्धता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उत्तराखंड में इन दिनों चार धाम यात्रा का आयोजन चल रहा है और देश विदेश से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यात्रियों को हर सुविधा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए हैं साथ ही जगह–जगह पर स्थान की पवित्रता एवं गरिमा को बनाए रखने के नोटिस भी लगाए गए हैं लेकिन देखा जा रहा है कि बाहरी प्रदेशों के कुछ यात्री मर्यादाओं को बोल रहे हैं। खासतौर से चार धाम यात्रा मार्ग पर ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जहां पुलिस ने यात्रियों को शराब का सेवन करते हुए पकड़ा है इनमें कई मामले तो ऐसे हैं जिनमें गंगा के किनारे शराब एवं हुक्का प्रयोग किया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत से पहले ही उत्तराखंड पुलिस द्वारा यात्रियों से अपील की गई थी कि वह भूमि की मर्यादा को बनाकर रखें और ऐसी कोई हरकत ना करें जो उन्हें जेल की हवा खिलाई। बावजूद इसके मर्यादा भंग करने के मामले थम नहीं रहे हैं। इनमें सबसे अधिक मामले हरियाणा से जुड़े हुए लोगों के सामने आ रहे हैं जो यात्रा में तो आ रहे हैं लेकिन यात्रा के दौरान उनकी हरकतें देवभूमि की गरिमा के अनुरूप नहीं है। ऐसे लोगों को सबक सिखा रही है और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। चार धाम यात्रा का आयोजन विशुद्ध तौर पर एक धार्मिक आयोजन है, और इसमें स्थान की पवित्रता के साथ खिलवाड़ को सहन नहीं किया जा सकता। खासतौर से गंगा को मैला कुचेला करने के लिए तो अनुमति किसी भी प्रकार से नहीं दी जा सकती। हरिद्वार पुलिस ने भी कई लोगों को नामजद किया है और इनके वाहन सीज किए हैं। पूरा उत्तराखंड इन दिनों चार धाम यात्रा के कारण भक्तिमय है और इस दौर में शराब नशीले पदार्थों के सेवन का प्रयोग कतई देवभूमि की गरिमा के अनुसार नहीं है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस को व्यापक तौर पर तैनात किया गया है लेकिन बेलगाम कुछ यात्रियों के कारण पुलिस को अनावश्यक तौर पर अपनी शक्ति ऐसे लोगों पर व्यस्त करनी पड़ रही है जोकि यात्रियों की अपनी गलतियों के कारण सामने आ रही है। यह बेहद शर्म की बात है कि एक तरफ तो चार धाम दर्शन के नाम पर यात्रा की जा रही है और वही दूसरी ओर यात्री अपने साथ शराब, तंबाकू व अन्य दूसरे नशे के सामान प्रयोग कर रहे हैं।

यह सामान्य सी बात है कि किसी भी धार्मिक स्थल पर जाने से पूर्व पवित्रता एवं स्थान की गरिमा को सर्वोपरि रखना चाहिए। विडंबना तो यह है कि गलती करने के बावजूद यात्री पुलिस के साथ भी अनावश्यक बहस कर रहे हैं जिसके कारण कई बार स्थिति बिगड़ भी जाती है। अभी यात्रा शुरू हुए एक महीना भी नहीं हुआ है और इस प्रकार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हालांकि उत्तराखंड पुलिस ने ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन मर्यादा चलाया है जिसमें अब फिलहाल किसी को भी रियायत नहीं दी जा रही है। यात्रियों को भी चाहिए कि वे जिस शुद्ध मन से देवों के दर्शन करने के लिए आए हैं सिर्फ वही कार्य करें और ऐसी कोई हरकत का प्रदर्शन ना करें जो देवभमि की गरिमा एवं गंगा की शुद्धता से खिलवाड़ करती हुई नजर आती हो।

# कर्नाटक के जनादेश का बड़ा मतलब

**अजीत द्विवेदी**

कर्नाटक में मतदान के दिन यानी 10 मई को मैंने इसी कॉलम में 'कर्नाटक का चुनाव रास्ता दिखाएगाइ शीर्षक से लेख लिखा था और सचमुच कर्नाटक की जनता ने रास्ता दिखाने वाला जनादेश दिया है। इस जनादेश ने भाजपा के लिए दक्षिण का दरवाजा बंद किया है तो समूचे विपक्ष के लिए देश का दरवाजा खोल दिया है। सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस और अगले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष का गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे नेताओं को इस नतीजे से संजीवनी मिली है। यह भरोसा मिला है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के एजेंडे को हराया जा सकता है। यह विश्वास बना है कि नरेंद्र मोदी का जो तिलिस्म बना है उसे तोड़ा जा सकता है। यह उम्मीद बंधी है कि जनता को जितना बौराया हुआ माना या बताया जाता है वह उतनी बौराई नहीं है। लोगों में इतनी समझदारी बची है कि वे अपना भला–बुरा समझ सकें। यह धारणा भी मजबूत हुई है कि सामाजिक न्याय का मुद्दा अब भी हिंदुत्व के मुद्दे की काट हो सकता है।

यह जनादेश कई मायने में ऐतिहासिक है और इसकी व्याख्या सिर्फ इस नजरिए से नहीं की जा सकती है कि कर्नाटक में हर पांच साल पर सत्ता बदलने का रिवाज रहा है, इसलिए इस बार भी बदल गया। ऐसा नहीं है। यह सिर्फ सत्ता विरोधी लहर का प्रकटीकरण नहीं है, बल्कि कर्नाटक की जनता ने निर्णायक रूप से भाजपा को पराजित किया है। भाजपा अपना 36 फीसदी का आधार वोट बचाए रखने में जरूर कामयाब हो गई है लेकिन उसके और कांग्रेस के वोट में सात फीसदी का फर्क है। भाजपा जहां पिछले साल के वोट पर ही खड़ी रही वहीं कांग्रेस के पक्ष में पांच फीसदी का पॉजिटिव स्विंग हुआ। यह पांच फीसदी वोट नतीजों को बदलने वाला साबित हुआ। यह सकारात्मक वोट था, जो कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए दिया गया था। इसलिए यह जनादेश सिर्फ भाजपा को हराने के लिए नहीं है, बल्कि कांग्रेस की एक स्थिर सरकार बनाने के लिए है। ध्यान रहे पिछले 25 साल में यह तीसरी बार है, जब किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है और हर बार पूर्ण बहुमत हासिल करने वाली पार्टी कांग्रेस ही रही है।

बहरहाल, इस चुनाव के कुछ खास सबक और संदेश हैं। सबसे पहला तो यह कि सकारात्मक एजेंडे से ध्रुवीकरण के एजेंडे को हराया जा सकता है। यह बड़ा संदेश है। ध्यान रहे कर्नाटक में भाजपा ने ध्रुवीकरण कराने वाले कई मुद्दों को आजमाया। चुनाव से पहले लव जिहाद रोकने के नाम पर धर्मांतरण विरोधी कानून लाया गया। स्कूल–कॉलेजों में हिजाब पर पाबंदी लगाई गई। टीपू सुल्तान बनाम सावरकर की बहस बनवाई गई। मुस्लिम समुदाय को मिला चार फीसदी आरक्षण खत्म किया गया। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई पर पाबंदी का प्रचार किया गया। चुनाव घोषणापत्र में वादा किया गया कि भाजपा की सरकार बनी तो समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। चुनाव के बीच जब कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया कि पीएफआई से लेकर बजरंग दल तक नफरत फैलाने वाले सभी संगठनों पर पाबंदी लगाई जाएगी तो भाजपा ने तुरंत इसे लपका और बजरंग दल को बजरंग बली से जोड़ कर कांग्रेस पर हमला शुरू किया। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 19 रैलियों में से 12 रैलियों में जय बजरंग बली के नारे से भाषण शुरू किया और इसी नारे से भाषण खत्म किया।

सोचें, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के कितने मुद्दे थे और इनका कैसे प्रचार किया गया। इसके बावजूद भाजपा के वोट में जरा सा भी इजाफा नहीं हुआ। कोई नया मतदाता उसके साथ नहीं जुड़ा। इसके उलट भाजपा के एजेंडे को खारिज करने के लिए 43 फीसदी लोगों ने कांग्रेस को वोट किया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस का घोषणापत्र कर्नाटक में किसी बड़े संरचनात्मक बदलाव की बात करने वाला है। लेकिन अच्छी बात यह रही कि कांग्रेस ने राज्य के लोगों की समस्याओं को समझा और वहां का सबसे पिछड़ा या गरीब तबका क्या चाहता है उस पर फोकस किया। इसके लिए कांग्रेस ने कई चीजें मुफ्त में बांटने की घोषणा भी की, जिसे मुफ्त की रेवड़ी बांटना कहा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक का खजाना खाली हो जाएगा फिर भी कांग्रेस के वादे नहीं पूरे होंगे। लेकिन कांग्रेस के वादे, जिसे पार्टी ने 'पांच गारंटीइ की शक्ल में पेश किया वह लोगों को पसंद आया। इसका कारण यह था कि ये पांचों गारंटी आम लोगों के जीवन से जुड़ी थी। चाहे हर परिवार को दो सौ यूनिट बिजली देने की गारंटी हो, महिलाओं को बस में मुफ्त यात्रा और घर ही महिला मुखिया को दो हजार रुपए महीना देने का वादा हो या बेरोजगार युवाओं को तीन हजार और डेढ़ हजार रुपया महीना देने का वादा हो। इन वादों ने एक बड़े तबके को कांग्रेस के साथ जोड़ा। इन वादों, गारंटियों और सकारात्मक एजेंडे से भाजपा के ध्रुवीकरण कराने वाले एजेंडे को हरा दिया।

हिंदुत्व के एजेंडे के अलावा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका राष्ट्रीय नेतृत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के लिए गेम चेंजर हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार का ऐसा नैरेटिव बनवाया है कि वे किसी भी राज्य में प्रचार के लिए जाते हैं और आखिरी दो हफ्ते में तस्वीर बदल देते हैं। इस बार यह मिथक भी टूटा है कि आखिरी दौर में मोदी आकर खेल पलट देंगे। पांच साल तक अगर किसी राज्य में कमजोर और नाकाम सरकार चलती है तो फिर वहां कोई जादू नहीं चल सकता है। तभी हैरानी है कि क्या मोदी और उनकी टीम ने कर्नाटक को लेकर इस बात को नहीं समझा? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि यह समझते हुए भी मोदी को अपने पर भरोसा था और उन्होंने अपने को पूरी तरह से दांव पर लगाया? जो भी हो यह प्रमाणित हुआ है कि स्थानीय स्तर पर भाजपा को मजबूत नेता की जरूरत है, जो लोकप्रिय हो और जनाधार वाला हो। यह मैसेज कांग्रेस के लिए भी है। कर्नाटक में कांग्रेस आलाकमान ने प्रादेशिक क्षत्रप नेताओं को अपने हिसाब से चुनाव प्लान करने दिया और बिल्कुल स्थानीय मुद्दों पर प्रचार करके चुनाव लडऩे दिया, जिसका नतीजा सबके सामने है।



**हिंदुत्व के एजेंडे के अलावा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका राष्ट्रीय नेतृत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के लिए गेम चेंजर हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार का ऐसा नैरेटिव बनवाया है कि वे किसी भी राज्य में प्रचार के लिए जाते हैं और आखिरी दो हफ्ते में तस्वीर बदल देते हैं। इस बार यह मिथक भी टूटा है कि आखिरी दौर में मोदी आकर खेल पलट देंगे। पांच साल तक अगर किसी राज्य में कमजोर और नाकाम सरकार चलती है तो फिर वहां कोई जादू नहीं चल सकता है। तभी हैरानी है कि क्या मोदी और उनकी टीम ने कर्नाटक को लेकर इस बात को नहीं समझा? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि यह समझते हुए भी मोदी को अपने पर भरोसा था और उन्होंने अपने को पूरी तरह से दांव पर लगाया? जो भी हो यह प्रमाणित हुआ है कि स्थानीय स्तर पर भाजपा को मजबूत नेता की जरूरत है, जो लोकप्रिय हो और जनाधार वाला हो। यह मैसेज कांग्रेस के लिए भी है। कर्नाटक में कांग्रेस आलाकमान ने प्रादेशिक क्षत्रप नेताओं को अपने हिसाब से चुनाव प्लान करने दिया और बिल्कुल स्थानीय मुद्दों पर प्रचार करके चुनाव लडऩे दिया, जिसका नतीजा सबके सामने है।**

इस जनादेश का एक और बड़ा पहलू यह है कि संभवतः पहली बार भ्रष्टाचार का मुद्दा भाजपा के गले की हड्डी बना। इससे पहले भ्रष्टाचार का मुद्दा भाजपा पर नहीं चिपकता था। उलटे एक राष्ट्रीय नैरेटिव के जरिए कांग्रेस और बाकी विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट साबित किया गया है। कर्नाटक में यह दांव नहीं चला, उलटे भाजपा पर लगे आरोप को लोगों ने सही माना। इसका कारण यह है कि कर्नाटक में भाजपा पर आरोप लगाने का काम कांग्रेस के प्रवक्ता नहीं कर रहे थे, बल्कि यह काम स्थानीय संगठनों ने किया था। कर्नाटक के कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने चिी लिख कर 40 फीसदी कमीशन मांगे जाने के आरोप लगाए थे तो स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के लोगों ने भी ऐसे ही आरोप लगाए थे। इसलिए लोगों को इन आरोपों पर यकीन हुआ। यह एक बड़ा घटनाक्रम है, जिसका विपक्ष पूरे देश में इस्तेमाल कर सकता है।

# सीएम पद के लिए सिद्धरमैया का स्वभाविक चेहरा!

कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की जीत के बाद जो सबसे पहला सवाल है वह ये है कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा? हो सकता है कि कांग्रेस आलाकमान ने तय कर रखा हो और कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उसी नाम पर मुहर लगे। लेकिन कम से कम अभी की स्थिति में दो प्रबल दावेदार दिख रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार। अगर कांग्रेस के जानकार सूत्रों की मानें तो ज्यादा संभावना इस बात की है कि सिद्धरमैया के नाम पर सहमति बने। वे मुख्यमंत्री बनें और डीके शिवकुमार को उप मुख्यमंत्री बना कर महत्वपूर्ण विभाग सौंपे जाएं। यह भी कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद किसी समय शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

कांग्रेस आलाकमान को पता है कि सिद्धरमैया और शिवकुमार दोनों का महत्व है और चुनावी जीत में दोनों का बराबर योगदान है। सिद्धरमैया ओबीसी समुदाय से आते हैं, जिसका 36 फीसदी के करीब वोट है। यह भी हकीकत है कि किसी दूसरी पार्टी के पास चाहे वह भाजपा हो या जेडीएस उसके पास कोई



बड़ा ओबीसी नेता नहीं है। भाजपा लिंगायत और जेडीएस वोक्कालिगा वोट की राजनीति करती रही है। सो, सिद्धरमैया की वजह से ओबीसी कांग्रेस के साथ जुड़ा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस हारी थी लेकिन उसका वोट दो फीसदी बढ़ा था और वह सिद्धरमैया की वजह से संभव हो पाया था। दूसरे, पांच साल तक सरकार चलाने के बाद भी उनके ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। कांग्रेस को लग रहा है कि वे लोकसभा चुनाव में भी काफी अहम भूमिका निभा सकते हैं।शिवकुमार का महत्व यह है कि वे वोक्कालिगा हैं और इस बार कांग्रेस को जो बढ़त मिली है वह संभवतः वोक्कालिगा वोट से ही मिली है। अब तक यह वोट लगभग पूरी तरह से जेडीएस के साथ जाता था लेकिन शिवकुमार के सीएम बनने की संभावना की वजह से इसका कुछ हिस्सा कांग्रेस के साथ आया है। इसके अलावा कांग्रेस के चुनाव प्रबंधन और संसाधनों का इंतजाम करने का जिम्मा भी शिवकुमार के ऊपर था। उन्होंने बहुत बेहतर ढंग के संसाधन जुटाए और चुनाव का प्रबंधन किया।

ध्यान रहे जेडीएस जैसी पार्टी के नेता एचडी कुमारस्वामी को कहना पड़ा कि उनके पास संसाधन नहीं थे अन्यथा वे 25 और सीटों पर अच्छे से चुनाव लड़ सकते थे। जाहिर है इस लिहाज से शिवकुमार की बड़ी उपयोगिता है। वे कांग्रेस के संकटमोचन हैं। संकट चाहे किसी भी प्रदेश का हो उसे सुलझाने के लिए पार्टी आलाकमान उनके ऊपर भरोसा करता है। कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि सिद्धरमैया के मुकाबले शिवकुमार की उम्र कम है और उनको आगे मौका मिल सकता है। हालांकि यह भी तय है कि शिवकुमार आसानी से दावा छोड़ेंगे नहीं।

**भाजपा लिंगायत और जेडीएस वोक्कालिगा वोट की राजनीति करती रही है। सो, सिद्धरमैया की वजह से ओबीसी कांग्रेस के साथ जुड़ा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस हारी थी लेकिन उसका वोट दो फीसदी बढ़ा था और वह सिद्धरमैया की वजह से संभव हो पाया था। दूसरे, पांच साल तक सरकार चलाने के बाद भी उनके ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। कांग्रेस को लग रहा है कि वे लोकसभा चुनाव में भी काफी अहम भूमिका निभा सकते हैं।शिवकुमार का महत्व यह है कि वे वोक्कालिगा हैं और इस बार कांग्रेस को जो बढ़त मिली है वह संभवतः वोक्कालिगा वोट से ही मिली है। अब तक यह वोट लगभग पूरी तरह से जेडीएस के साथ जाता था लेकिन शिवकुमार के सीएम बनने की संभावना की वजह से इसका कुछ हिस्सा कांग्रेस के साथ आया है। इसके अलावा कांग्रेस के चुनाव प्रबंधन और संसाधनों का इंतजाम करने का जिम्मा भी शिवकुमार के ऊपर था।**

# गर्मियों में घर पर बनाएं ये 5 तरह की आइसक्रीम, आसान है इनकी रेसिपी

गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम का सेवन न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि इससे ताजगी भी महसूस होती है। हालांकि, बाजार में मिलने वाली आइसक्रीम में आर्टिफिशियल रंग और स्वाद का इस्तेमाल होता है। इस कारण उनका सेवन स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होता है। ऐसे में आप घर पर ही ताजा फलों के इस्तेमाल से आइसक्रीम बना सकते हैं, जो स्वाद और स्वास्थ्य दोनों में बेहतरीन हैं। आइए इस तरह की 5 आइसक्रीम की रेसिपी जानते हैं।



### तरबूज की आइसक्रीम

सबसे पहले एक ब्लेंडर में कटा हुआ तरबूज, दही, दूध, चीनी, इलायची पाउडर और चुटकी भर नमक डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर उसके बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे करीब 5 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। जब आइसक्रीम अच्छे से जम जाए तो इसके स्वाद का आनंद लें। आप गर्मियों में तरबूज से बने इन व्यंजनों को भी ट्राई कर सकते हैं।

### आम की आइसक्रीम

सबसे पहले एक ब्लेंडर में कटे हुए पके आम, दूध, चीनी (स्वादानुसार) और इलायची पाउडर डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे 5 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। अगर आपको आइसक्रीम पसंद नहीं है तो घर पर ये 5 मोजितो बनाकर भी पी सकते हैं।

### खीरे और पुदीने की आइसक्रीम

इस आइसक्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले एक ब्लेंडर में खीरा (कटा हुआ), नींबू का रस, चीनी और कुछ ताजा पुदीने की पत्तियां डालकर ब्लेंड करें। अब इस मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर उसके बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे रातभर के लिए फ्रिज में रख दें। यह आइसक्रीम दोपहर के समय खाने के लिए एकदम परफेक्ट है। इसका स्वाद भी आपको अलग अहसास देगा।

### बेरीज आइसक्रीम

ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी और ब्लैकबेरी जैसी रसीली और स्वादिष्ट बेरीज पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। ऐसे में इनसे बनी आइसक्रीम का सेवन गर्मियों के लिए बेहतरीन है। सबसे पहले एक ब्लेंडर में ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, नींबू का रस और चीनी डालकर अच्छी तरह से ब्लेंड करें। अब मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर उसके बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे करीब 8 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। आइसक्रीम के जमने के बाद उसका स्वाद लें।

### ब्लूबेरी और नारियल की आइसक्रीम

सबसे पहले एक सॉस पैन में ताजा ब्लूबेरी, मेपल सिरप और पानी डालकर अच्छी तरह से पका लें और फिर इसे ठंडा होने दें। अब नारियल के दूध को बादाम के दूध और मेपल सिरप के साथ मिलाकर फेंटें। इसके बाद आधे आइसक्रीम के सांचे में ब्लूबेरी का मिश्रण डालें और फिर बाकी के आधे में नारियल के दूध वाला मिश्रण डाल दें। अंत में इस सांचे के बीच में डंडी लगाकर इसे रातभर के लिए फ्रीज में रख दें।

# मणिपुर में आग?

**अजय दीक्षित**

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर अचानक जल उठा है। एक आदिवासी समुदाय दूसरे अन्तर्जातीय वर्ग को मारने–काटने पर आमादा है। मैतेई और कुकी, नगा समुदाय सनातन दुश्मन रहे हैं, जबकि वे मणिपुर के ही निवासी और नागरिक हैं। हालात इतने उबल चुके थे कि करीब 9000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर या शिविरों में भेजना पड़ा। कर्फ्यू लगा है, धारा 144 लागू है और इंटरनेट–मोबाइल बेमियादी तौर पर बंद हैं। सेना, असम राइफल्स और स्थानीय पुलिस के हजारों जवान तैनात किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय को पत्र लिख कर वायुसेना की सेवाएं मांगी हैं, ताकि विभिन्न केंद्रों से अर्द्धसैन्य बलों के जवानों को एयरलिफ्ट कर मणिपर के जलते – उबलते जिलों तक पहुंचाया जा सके। सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर घोषणा राज्यपाल ने की है कि दंगाइयों को देखते ही गोली मार दी जाए।.. यह बेहद असामान्य स्थिति है। मणिपुर निवासी, छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एवं राज्यसभा सांसद मैरी कॉम को, सोशल मीडिया के जरिए, प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुहार लगानी पड़ी है कि मेरा राज्य मणिपुर जल रहा है। कृपा करके इसे बचा लें और शांति बहाल करें।' संवेदनशील और चिंतित पक्ष यह है कि मणिपुर से म्यांमार की सरहद लगती है और वहां भी हालात बेहद हिंसक हैं। हालात आग में घी का काम कर सकते हैं। दरअसल मणिपुर उच्च न्यायालय ने हाल ही में निर्देशात्मक निर्णय सुनाया था कि राज्य सरकार मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने पर विचार करे और भारत सरकार को अनुशंसा भी भेजे।

यदि ऐसा कोई निर्णय करना है और जनजाति में किसी समुदाय को शामिल करना है, तो राष्ट्रीय आयोग और केंद्रीय कैबिनेट ही फैसला ले सकते हैं। मामला संसद में भी विचारार्थ रखा जा सकता है। अन्य आदिवासी समुदायों ने उच्च न्यायालय के फैसले का विरोध किया है, नतीजतन मणिपुर एकदम धू–धू कर जलने लगा है। आंदोलित आदिवासियों की आशंका है कि मैतेई उनके अधिकारों, आरक्षण, भूमि और संसाधनों पर कब्जा कर सकते हैं, क्योंकि वे अपेक्षाकृत सम्पन्न, विकसित और ताकतवर हैं। राज्य की करीब 38 लाख आबादी में करीब 53 फीसदी मैतेई हैं। इंफाल घाटी मैतेई बहुल है। हालांकि मैतेई राज्य के 10 फीसदी भू–भाग में ही बसे हैं। नगा, कुकी आदिवासी समुदाय शेष 90 फीसदी क्षेत्रफल में रहते हैं, लेकिन उनकी आबादी कम है। बीते साल अगस्त में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की सरकार ने नगा और कुकी जनजाति को 'घुसपैठिया' करार देते हुए राज्य के वन क्षेत्र से निकालने के आदेश दिए थे। नगा, कुकी नाराज और आन्दोलित थे। मैतेई बुनियादी तौर पर हिन्दू हैं, जबकि अधिकांश नगा और कुकी ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। मैतेई अपना पक्ष रखते आए हैं कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान उन्हें मुख्य आदिवासी समुदाय माना जाता था। उन्हें 'हिंदू आदिवासी' भी माना गया, लेकिन 1949 में भारतीय संघ में मणिपुर का विलय हुआ और 1950 में मैतेई अपनी ऐतिहासिक पहचान, संस्कृति, भाषा की रक्षा करने के मद्देनजर एसटी का दर्जा मांग रहे हैं। यह उनका संवैधानिक हक भी है। वे बार–बार स्पष्ट कर रहे हैं कि उन्हें दूसरों के अधिकार और संसाधन नहीं चाहिए। वे अपनी ही जमीन पर पराए हो गए हैं, जबकि वे सबसे प्राचीन आदिवासी हैं। दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा है और जुलूस आदि के आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी भेजा है कि मैतेई की मांग गलत है। बहरहाल, मणिपुर की आग कब शांत होगी, यह देखना अभी शेष है।

# बड़े काम आ सकता है पुदीना, जानिए इस्तेमाल करने के 5 तरीके

पुदीना फाइबर, आयरन, विटामिन ए, फोलेट और मैंगनीज जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। डाइट में ताजे पुदीने की पत्तियों को शामिल करने से अपच से राहत मिलती है, दिमाग के काम करने की क्षमता में सुधार होता है और मुंह से आने वाली बदबू को दूर किया जा सकता है। पुदीने का इस्तेमाल कई अन्य कामों के लिए भी किया जा सकता है। आइए आज इसी से जुड़े 5 तरीके जानते हैं।

### मुंह की बदबू होगी दूर

पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल मुंह की बदबू को दूर करने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए आपको खाना खाने के बाद पुदीने की 1 से 2 पत्तियों को चबाना है और फिर पानी से कुल्ला करना है। पुदीने की पत्तियां न सिर्फ मुंह की बदबू को दूर कर सकती हैं बल्कि ये मुंह में मौजूद कीटाणुओं और जहरीले तत्वों से भी छुटकारा दिला सकती हैं। इससे ये मुंह की बदबू का कारण नहीं बन पाएंगे।

### मिंट शुगर बनाएं

मिंट शुगर को सलाद, बटर टोस्ट, कुकीज और मफिन के ऊपर छिड़कर खाया जाता है। इससे इनका स्वाद बढ़ जाता है। इसके अलावा इसका इस्तेमाल चाय और फल के साथ भी आराम से किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए कुछ पुदीने की पत्तियों के साथ चीनी को फूड प्रोसेसर में ब्लेंड करें। इसे रात भर हवा में सूखने दें और फिर इस मिश्रण को एक जार में भर कर रख लें।

### बालों के लिए इस तरह बनाएं शैंपू

पुदीना से बना शैंपू ड्राई स्कैल्प और बालों की समस्या को दूर करने में मददगार है। यह एंटी–सेप्टिक हीलिंग गुणों से भरपूर होता है, जो स्कैल्प के रूखेपन, खुजली और डैंड्रफ को दूर करने में भी मदद करता है। इसके लिए कैस्टाइल सोप, नारियल का दूध, ग्लिसरीन और डिस्टिल वॉटर को साथ मिलाकर अच्छे से फेंटें। अब इस मिश्रण में सेब का सिरका, जोजोबा ऑयल, शिया बटर, पुदीने का जूस और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल मिलाकर इस्तेमाल करें।



### कीटनाशक के रूप में करें इस्तेमाल

तीखी गंध, औषधीय और अरोमाथेराप्यूटिक गुणों से भरपूर पुदीना मच्छरों, मक्खियों और चींटियों जैसी रोजमर्रा कीटों की परेशानियों को घर से दूर रखने में मदद करता है। दरअसल, पुदीने की पत्तियों में मौजूद मेन्थॉल मच्छरों और माइट्स के लिए कीटनाशक का काम करता है। इसके लिए आप घर के दरवाजे, खिड़की, बालकनी या प्रवेश द्वार के आसपास पुदीने की ताजी पत्तियां या पौधा रख सकते हैं।

### पुदीने की चाय बनाएं

पुदीने की चाय न केवल पाचन के लिए अच्छी होती है बल्कि यह सर्दी–खांसी के लक्षणों और तनाव को भी कम करती है। इसके अलावा यह चाय बिना किसी वसा या कोलेस्ट्रॉल के एंटी–ऑक्सीडेंट, आयरन, पोटेशियम, सोडियम और विटामिन ए से भरपूर होती है। इसके लिए ताजे पुदीने के पत्तों को तोड़कर एक बर्तन में मसल लें और फिर उसमें गर्म पानी डालें। इसके करीब 10 मिनट बाद इसका सेवन करें।

## सूडान ने विद्रोही अर्धसैनिकों के बैंक खाते किये सीज

**काहिरा, एजेंसी।** सूडान में जनरल अब्दुल फत्तेह बुरहान के नेतृत्ववाले संक्रमणकालीन प्रशासन ने द पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (पीआरएसएफ) से संबंधित बैंक खातों को सीज करने का आदेश दिया है। पीआरएसएफ मध्य अप्रैल से सूडान की सेना के संघर्ष कर रही है। पीआरएसएफ की ओर से बजटीय रकम की चिंता का हवाला देते हुए एक बयान में कहा गया, श्री अब्दुल फतेह बुरहान ने आज विद्रोही रैपिड सपोर्ट फोर्सेज और उनकी कंपनियों के सभी सूडानी बैंकों तथा उनके विदेशों में स्थित शाखाओं के खातों को सीज करने का फैसला किया।

सूडान की सरकार की ओर से यह फैसला मीडिया की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि सूडानी सेना के कमांडर ने सेंट्रल बैंक के गवर्नर हुसैन याहिया जनकोल को उनके पद से हटा दिया है और उनकी जगह श्री बोराई अल सिद्दीकी को सेंट्रल बैंक का गवर्नर नियुक्त किया है।

## द केरल स्टोरी पर विवाद : जम्मू में मेडिकल छात्रों के दो गुट आपस में भिड़े, कई स्टूडेंट घायल

**जम्मू, एजेंसी ।** जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में 'द केरल स्टोरीइ फिल्म को लेकर सोमवार को छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प की खबरों के बीच पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि छात्रावास के अंदर 'द केरल स्टोरीइ फिल्म को लेकर छात्रों के दो समूह आपस में भिड़ गए, जिसमें कुछ छात्रों को चोटें आईं। पुलिस ने कहा, जीएमसी हॉस्टल जम्मू में कुछ छात्रों और बाहरी लोगों के बीच हाथापाई की घटना हुई है। मामले का संज्ञान लिया गया है और जांच जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि झड़प जम्मू-कश्मीर के बाहर किसी घटना को लेकर बहस के बाद हुई।

इस मामले को लेकर पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र सरकार हिंसा और सांप्रदायिक आग भड़काने वाली फिल्मों को प्रोत्साहित कर रही है और उन्हें बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि अपने तुच्छ चुनावी लाभ के लिए भाजपा द्वारा निर्दोषों का खून बहाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, 'उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अनुरोध है कि जीएमसी जम्मू मामले में संज्ञान लें और दोषियों को सजा दिलाएं।इ

## मुंबई के रिहायशी इलाके में गैस लीक के बाद लगी भीषण आग, 6 लोग बुरी तरह झुलसे

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में खार के कोलीवाड़ा के एक रिहायशी इलाके में सोमवार को गैस रिसाव से भीषण आग लग गई, जिसमें दो नाबालिगों सहित कम से कम छह लोग बुरी तरह झुलस गए। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने ये जानकारी दी। घनी आबादी वाले खार-डांडा स्थित एक आवास में सुबह करीब 8.45 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिससे भारी दहशत फैल गई, जिसके बाद पुलिस, दमकल और बचाव को मौके पर बुलाया गया।

वे 30 मिनट के भीतर आग पर काबू पाने और बुझाने में कामयाब रहे। कम से कम छह लोगों झ्र एक ही परिवार के चार लोगों को दुर्घटना स्थल से बचाया गया और बांद्रा पश्चिम में भाभा अस्पताल ले जाया गया। उनकी पहचान इस प्रकार है : सखुबाई जायसवाल (65), सुनील जायसवाल (29), प्रियंका जायसवाल (26), प्रथम जायसवाल (6), निकिता मांडलिक (26) और यशा चव्हाण (7)।

# कर्नाटक में प्रतिबंधित होगा बजरंग दल ! 31 साल पहले भी कांग्रेस ने ही लगाया था बैन



**कर्नाटक, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस ने जो घोषणापत्र में वादे किए, उसमें एक वादा बजरंग दल पर सख्ती करके निर्णायक फैसला लेने का भी है। नई सरकार के गठन के साथ ही पहली कैबिनेट में बजरंग दल पर कड़ी सख्ती करने की तैयारियों को अमलीजामा पहनाए जाने की शुरुआत की जाएगी। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जो वादे उनके घोषणा पत्र में किए गए हैं, उन्हें अमल में तो लाया ही जाएगा, वहीं बजरंग दल पर सख्ती किए जाने या प्रतिबंध लगाने की तैयारी के साथ शुरू की जाने वाली कवायद का असर उत्तर भारत में किस तरह होगा, इसे भी कांग्रेस और भाजपा अपने नजरिए से न सिर्फ देख रही हैं, बल्कि उसकी बड़ी रणनीतियां भी बना रही है। माना यही जा रहा है कि बजरंग दल पर अगर कर्नाटक में पहली कैबिनेट के साथ ही कोई कड़ी कारवाई की जाती है, तो इसका असर उत्तर भारत में देखने को मिलेगा। हालांकि 31 साल पहले कांग्रेस की सरकार ने ही पूरे देश में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया था।

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बन चुकी है। सियासी गलियारों में सबसे ज्यादा निगाहें कांग्रेस के घोषणा पत्र में पीएफआई और बजरंग दल जैसे संगठनों पर कड़ी कार्यवाही और सख्ती करने के वादे पर लगी हुई हैं। कर्नाटक में कांग्रेस का चुनाव प्रबंधन देख रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि जैसे ही सरकार का गठन होगा और मुख्यमंत्री शपथ लेंगे, उसके बाद की जाने वाली पहली कैबिनेट की बैठक में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की शुरुआत कर दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि इसमें बजरंग दल और पीएफआई जैसे संगठनों की पुरानी सरकारों में की गई कार्य प्रणालियों और उनके ऊपर दर्ज मुकदमों समेत पूरी हिस्ट्री को भी चेक किया जाएगा। पार्टी से जुड़े सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस ने सिर्फ बजरंग दल ही नहीं बल्कि पीएफआई जैसे संगठनों पर भी कड़ी से कड़ी सख्ती बरतने और जरूरत पड़ने पर निर्णायक रूप से बड़े फैसले, जिसमें प्रतिबंध भी शामिल हैं, लिए जा सकते हैं।

सबसे बड़ा सियासी सवाल यही पैदा होता है कि अगर कर्नाटक में बजरंग दल पर किसी तरीके की कड़ी सख्त कार्रवाई की जाती है, तो उसका असर उत्तर भारत की सियासत में किस तरह से पड़ने वाला है। इसको लेकर राजनैतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार एन किरण कुमार कहते हैं कि कर्नाटक के चुनाव में भाजपा के नेताओं की ओर से तो बजरंग बली की एंट्री जरूर की गई थी, जिसमें यह कहा जाता रहा कि बजरंग बली का नाता कर्नाटक से है और भगवान राम का नाता अयोध्या से। लेकिन कांग्रेस के पास इस तरीके से प्रचार करने के लिहाज से कुछ भी नहीं था। उनका कहना है जैसे ही कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल और पीएफआई पर सरकार आने के बाद सख्ती और निर्णायक फैसले का जिक्र किया गया, तो भाजपा ने बजरंग दल के साथ बजरंग बली को जोड़कर एक बड़ा सियासी माहौल तैयार करना शुरू कर दिया। साथ ही कांग्रेस ने बजरंग बली को बड़ा सियासी मुद्दा बनाते हुए राज्य में नए-नए मंदिरों निर्माण और अंजनाद्री विकास बोर्ड की स्थापना करने की घोषणा भी की।

दक्षिण भारत से शुरू हुए बजरंग बली की सियासत पर उत्तर भारत में पड़ने वाले असर को लेकर राजनीतिक विश्लेषक पूरी तरीके से मान चुके हैं कि कांग्रेस और भाजपा आने वाले चुनावों में इसे जोर-शोर से आगे बढ़ाएंगे। राजनीतिक विश्लेषक और कानपुर विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता रहे ओम प्रकाश मिश्रा कहते हैं कि उत्तर भारत के सियासी तापमान को अगर आप समझते हैं, तो आपको अंदाजा होगा कि यहां की सियासत में धर्म कितना ज्यादा मायने रखता है। भाजपा ही नहीं बल्कि कांग्रेस, बसपा, सपा, जेडीयू, आरजेडी, शिवसेना और एनसीपी समेत तमाम अन्य छोटे-बड़े दल अपनी सियासत में जाति और धर्म के बगैर चुनावी हिसाब किताब जोड़ ही नहीं सकते। वह मानते हैं कि आने वाले चुनावों में जिसमें कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान समेत अगले साल होने वाले लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस और भाजपा दोनों बजरंगबली के नाम का जमकर इस्तेमाल करने वाले हैं। वह कहते हैं कि कर्नाटक में बजरंग दल पर प्रतिबंध या किसी तरीके की सख्ती अगर होती है, तो भाजपा उत्तर भारत में उसका चुनावी मुद्दा बनाएगी।

राजनीतिक विश्लेषक जीडी शुक्ला कहते हैं कि कर्नाटक में अगर अपने घोषणा पत्र के मुताबिक कांग्रेस बजरंग दल पर सख्ती करती है या उस पर प्रतिबंध लगाती है, तो निश्चित तौर पर उसका असर उत्तर भारत खासतौर से उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड समेत बिहार और अन्य हिंदी भाषी राज्यों पर बड़ा असर पड़ेगा। वह कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि बजरंग दल पर पहली बार सख्ती लगाने की बात हो रही है। वह कहते हैं कि 1992 में बजरंग दल पर पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने एक साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि बाद में वह प्रतिबंध हटा दिया गया। उत्तर प्रदेश में अवध प्रांत से बजरंग दल के सचिव रहे हिमांशु वाजपेई कहते हैं कांग्रेस बजरंग दल पर सख्ती करने या प्रतिबंधित करने का मंसूबा कांग्रेस अपने दिमाग से निकाल दे। क्योंकि ऐसा करके कांग्रेस पूरे देश के सभी सनातनियों का अपमान करेगी।

इसको लेकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल कहते हैं कि उनकी पार्टी किसी भी तरीके से जाति धर्म को लेकर भेदभाव नहीं करती है। वह कहते हैं कि हमारे घोषणा पत्र बजरंग दल और पीएफआई जैसे संगठनों निर्णायक कार्रवाई की बात कही गई है। खासतौर से वह संगठन जो अलग-अलग समुदायों के बीच में माहौल बिगाड़ने और एक-दूसरे को भड़काने का काम करते हैं उनके खिलाफ तो का-र्रवाई की ही जाएगी। वहीं कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि अगर भाजपा उत्तर भारत में बजरंग बली के नाम का इस्तेमाल करके सियासत को नया रंग देगी, तो उसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने भी अपनी पूरी रणनीतियां बना ली हैं। वह कहते हैं कि बजरंगबली और भगवान राम कांग्रेस की प्रॉपर्टी नहीं है। उनका दावा है कि वह कर्नाटक में आञ्जनेय मंदिर बनाने जा रहे हैं। आंजनेय डेवलपमेंट बोर्ड का गठन होने वाला है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमारी पार्टी से दक्षिण की तरह है उत्तर भारत में भी बजरंगबली को अपने दिल में रखकर सियासी मैदान में उतरेगी।

## माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली दूसरी पाकिस्तानी महिला बनीं नैला कियानी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बैंकर, मुक्केबाज और दो बच्चों की मां नैला कियानी ने माउंट एवरेस्ट फतह कर लिया। इसी के साथ वह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर अपने मुल्क का झंडा फहराने वाली दूसरी पाकिस्तानी महिला बन गई हैं। वह पसांग तेम्बा शेरपा के साथ सुबह 8.02 बजे 8,849 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचीं। वह एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाली पहली गैर-नेपाली पर्वतारोही भी बन गई हैं। समीना बेग 2013 में एवरेस्ट फतह करने वाली पाकिस्तान की पहली महिला पर्वतारोही थीं।

नैला कियानी एकमात्र पाकिस्तानी महिला हैं, जिन्होंने दो साल के भीतर पांच ऐसे पहाड़ों पर चढ़ाई की, जिसमें ऊंचाई आठ मीटर से ज्यादा है, इसमें अब माउंट एवरेस्ट भी शामिल है। इससे पहले उन्होंने नेपाल में अन्नपूर्णा के2, गाशरब्रम एक और दो पर चढ़ाई की थी। वह अब 8,516 मीटर ऊंचे ल्होत्से को फतह करने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं, जो उनकी नेपाल की यात्रा में चौथा सबसे ऊंचा पर्वत है।नैला उन दो पाकिस्तानी पर्वतारोहियों में शामिल थी, जिन्हें पिछले महीने अन्नपूर्णा पर्वत पर जाते समय बचा लिया गया था। उनके साथ दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही शेहरोज काशिफ भी नेपाल में 8,091 मीटर ऊंची चोटी की चढ़ाई पर थे।

## दिल्ली से कोई फोन नहीं आया, सरकार का गठन शुभ मुहूर्त पर होगा : शिवकुमार

**बेंगलुरु,(एजेंसी)।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पद के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से उनके पास कोई फोन नहीं आया है. यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा, शिवकुमार ने कहा कि मैं नहीं जानता. मुझे जो भी काम दिया गया, मैंने वह किया है. हमने दिल्ली को एक पंक्ति का प्रस्ताव भेजा है.

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का गठन शुभ मुहूर्त पर किया जाएगा. आलाकमान द्वारा राष्ट्रीय राजधानी बुलाए जाने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि मुझे अभी तक कोई फोन नहीं आया है. चलिये, देखते हैं. नयी सरकार का गठन कब होगा ? इस सवाल पर शिवकुमार ने कहा कि हम सप्ताह का शुभ दिन और शुभ मुहूर्त देखेंगे.शिवकुमार का राज्य के मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्दरमैया से कड़ा मुकाबला है. दोनों ही नेता इस पद के लिए दावेदार माने जा रहे हैं. कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की रविवार शाम यहां एक निजी होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार दिया गया, जो कर्नाटक का अगला मुख्यमंत्री बनेगा.राज्य में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 135 सीटें अपने नाम कीं।

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत लोगों का मुझे दिया गया सबसे अच्छा उपहार: शिवकुमार

**बेंगलुरु,(एजेंसी)।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख डीके शिवकुमार ने कहा कि 10 मई को हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत, लोगों द्वारा उन्हें उनके जन्मदिन पर दिया गया सबसे अच्छा तोहफा है.

सोमवार को अपना 62वां जन्मदिन मना रहे आठ बार के विधायक शिवकुमार ने कहा कि मेरा जीवन कर्नाटक के लोगों की सेवा के लिए समर्पित है. उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन से पहले, कर्नाटक के लोगों ने मुझे संभवतः सबसे अच्छा उपहार दिया है. मेरे कांग्रेस परिवार को, उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद.

## मोदी सरकार के 9 वर्ष : बीजेपी एक महीने तक देश भर में चलाएगी विशेष जनसंपर्क अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा देश भर में एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक महीने तक चलने वाले इस मेगा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को एक बड़ी रैली से करेंगे और यह अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा।

वैसे तो भाजपा देश के सभी लोक सभा क्षेत्रों में यह मेगा जनसंपर्क अभियान चलाएगी लेकिन इसमें से पार्टी लोक सभा की लगभग चार सौ सीटों पर विशेष फोकस रखने जा रही है।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी राज्यों झ्र राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना या मध्य प्रदेश ( जहां इस वर्ष विधान सभा का चुनाव होना है ) में से किसी एक राज्य में 30 मई को बड़ी रैली कर इस मेगा जनसंपर्क अभियान और इसके तहत होने वाली रैलियों की शुरूआत करेंगे, हालांकि उनके कार्यक्रम पर अंतिम फैसला होना अभी बाकी है। इसके अलावा महीने भर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कई अन्य राज्यों में भी रैलियां कर सकते हैं। भाजपा की योजना देश के लगभग चार सौ लोक सभा क्षेत्रों को टारगेट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा समेत सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों, पार्टी के दिग्गज नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की ऐसी 51 बड़ी रैलियां आयोजित करने की है। इसके अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 10 लाख से ज्यादा बूथों पर कार्यकर्ताओं को सीधे संबोधित भी करेंगे।एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत भाजपा नेता देशभर में एक लाख विशिष्ट और प्रभावशाली परिवारों जिनमें प्रसिद्ध खिलाड़ी, उद्योगपति, कलाकार एवं देश सेवा के दौरान शहीद हुए लोगों के परिजनों जैसे परिवार होंगे से संपर्क साध कर बातचीत करेंगे। पार्टी की योजना हर लोक सभा क्षेत्र में कम से कम 250 ऐसे परिवारों से संपर्क साधने की है।इस मेगा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत से एक दिन पहले यानी 29 मई को मोदी सरकार के मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, भाजपा के उपमुख्यमंत्री, जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं है, वहां विधान सभा में भाजपा के नेता और अन्य दिग्गज नेता देशभर में एक साथ प्रेस कांफ्रेंस करेंगे। पार्टी नेता देशभर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से भी संवाद करेंगे। जून में एक से 22 तारीख के बीच भाजपा नेता देश के सभी लोक सभा क्षेत्रों में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे, संपर्क साधेंगे, क्षेत्र विशेष के प्रबुद्ध ,प्रभावशाली और इंफ्लुएंसर्स लोगों के साथ मुलाकात करेंगे, सभाएं और सम्मेलन करेंगे।

## आंध्रप्रदेश के कडप्पा में एसयूवी-ट्रक की टक्कर में सात की मौत

**कडप्पा (आंध्र प्रदेश),(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले में सोमवार को एक एसयूवी के ट्रक से टकरा जाने से सात लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, टक्कर सोमवार सुबह कोंडापुरम मंडल में चित्रावती पुल के पास कडप्पा-तडिपत्री हाईवे पर हुई। पीड़ित तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर एसयूवी से लौट रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जीप की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादस में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

## सेबी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, 2016 से अडानी समूह की जांच का आरोप गलत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि यह आरोप कि वह 2016 से अदानी समूह की जांच कर रहा है, 'तथ्यात्मक रूप से निराधारइ है। सेबी ने यह भी आगाह किया कि रिकॉर्ड पर पूरे तथ्य सामग्री के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष न्याय के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा और कानूनी रूप से अस्थिर होगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शीर्ष अदालत में पेश एक हलफनामे में कहा, यह आरोप कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड 2016 से अदानी की जांच कर रहा है, तथ्यात्मक रूप से निराधार है।इसने आगे कहा, सेबी द्वारा समय के विस्तार के लिए आवेदन का मतलब निवेशकों और प्रतिभूति बाजार के हित को ध्यान में रखते हुए न्याय सुनिश्चित करना है, क्योंकि रिकॉर्ड पर पूर्ण तथ्यों के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष निकाला जाएगा। न्याय के उद्देश्य को पूरा नहीं करेगा, और इसलिए यह कानूनी रूप से अस्थिर होगा।



सेबी ने कहा, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों की जांच के संदर्भ में, सेबी पहले ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति आयोगों के संगठन (आईओएससीओ) के साथ बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमएमओयू) के तहत ग्यारह विदेशी नियामकों से संपर्क कर चुका है।

12 मई को, सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि वह अदानी समूह की कंपनियों पर हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आसपास के विवाद की जांच पूरी करने के लिए सेबी को तीन महीने का और समय दे सकता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने कहा कि सेबी अपनी जांच पूरी करने के लिए अनिश्चित काल तक लंबी अवधि नहीं ले सकता है और हम उन्हें छह महीने नहीं देने जा रहे हैं, हम उन्हें तीन महीने देते हैं। 29 अप्रैल को, सेबी ने अदानी समूह द्वारा स्टॉक हेरफेर के हिंडनबर्ग आरोपों की जांच पूरी करने के लिए छह महीने के विस्तार की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

## सैन्य विषयों पर चर्चा करेंगे भारतीय सेना प्रमुख व मिस्र के कमांडर इन चीफ

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे अगले 2 दिन के दौरान मिस्र के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ से एक महत्वपूर्ण मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में दोनों देशों के सेना प्रमुख रक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि भारत और मिस्र के सैन्य संबंध एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मिस्र के राष्ट्रपति इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि भी थे। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, 16 से 17 मई 2023 को मिस्र की यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान, सेना प्रमुख मेजबान देश के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करेंगे, जहां वे भारत-मिस्र रक्षा संबंधों को आगे ले जाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। वह मिस्र के विभिन्न सशस्त्र बलों के प्रतिष्ठानों का भी दौरा करेंगे और आपसी हित के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।भारतीय सेना प्रमुख, मिस्र के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ, रक्षा और सैन्य उत्पादन मंत्री और मिस्र के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के साथ बातचीत करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस शाह कोर्ट में अपने आखिरी दिन हुए भावुक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस एमआर शाह की सोमवार को आखिरी बार बेंच पर बैठने के दौरान आंखों में आंसू आ गए और अपने विदाई भाषण के दौरान उन्होंने राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकरइ के एक गाने का जिक्र किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति शाह और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने कहा, जस्टिस शाह के साथ बेंच पर बैठना खुशी की बात थी। हमने कई आपराधिक मामले, जीएसटी पर नए कानून को संभाला और वह हमेशा चुनौती के लिए तैयार रहते थे..

न्यायमूर्ति शाह ने कहा, मैं एक नारियल की तरह हूं .. अगर मैं रोना शुरू कर दूं तो कृपया मुझे माफ करें। सभी (बार के सदस्यों) का तहे दिल से धन्यवाद।

न्यायमूर्ति शाह ने कहा, मैं सेवानिवृत्त होने वाला व्यक्ति नहीं हूं.. मैं एक नई पारी शुरू करूंगा और मैं इस पारी के लिए (ईश्वर से) अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं। इसके बाद उन्होंने राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकरइ की कुछ पंक्तियां पढ़ीं, कल खेल में हम हो ना हों.गर्दिश में तारे रहेंगे सदा.., और फिर उनकी आंखों में आंसू आ गए।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने न्यायमूर्ति शाह को एक वकील और एक जज दोनों के रूप में देखा है और वह बहुत मेहनती व्यक्ति हैं और एक बहुत ही साहसी इंसान हैं जो नीचे नहीं झुकते, एक क्षमता जो अब गायब हो रही है ..

मेहता ने कहा, लेकिन लॉर्डशिप ने अपने परिवार के साथ गंभीर अन्याय किया है।

## बंदरों ने मचाया उत्पात तो गुड़ में जहर देकर खिलाया, करीब 40 की मौत से मचा हड़कंप

**हापुड, एजेंसी।** यूपी के हापुड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में करीब 40 बंदरो की मौत हो गई है। ये मामला गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर चौधरी का है। इतनी बड़ी संख्या में बंदरो की मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। आशंका जताई जा रही है कि बंदरों को गुड़ में जहर देकर मारा गया है। वहीं बंदरों की मौत की खबर सुनते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच गया है।

G20

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से ... www.ireps.gov.in ...

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | [illegible] | | |
| निविदा प्रारूप | खुली निविदा | बिडिंग प्रणाली | दो पैकेट सिस्टम |
| बन्द होने की दिनांक एवं समय | 31.05.2023 15:00 बजे | | |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू | रू. 73,81,750.04 [illegible] | | |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,47,800.00 | बोली की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | 0.000.00 | कार्य की अवधि | 01 वर्ष |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 17.05.2023 | निविदा टाइप | सर्विस |

सं. एम-1-ओटी-आरबार-सीएच-23 दिनांक : 15.05.2023 1473/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सूर्य का आत्मविश्वास अन्य खिलाडियों को प्रेरित करता है : रोहित



मुंबई । मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि सूर्यकुमार यादव का आत्मविश्वास टीम के अन्य बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित करता है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन् की खराब शुरुआत के बाद सूर्यकुमार अपने विस्फोटक अंदाज़ में वापस आ गये हैं। उन्होंने केवल 49 गेंद पर नाबाद 103 रन की पारी खेली, जिसके दम पर मुंबई ने गुजरात टाइटन्स को 27 रन से मात दी।

रोहित ने सूर्यकुमार के आत्मविश्वास पर मैच के बाद कहा, उसमें आत्मविश्वास है। हम क्रीज़ पर दाएं हाथ और बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों का संयोजन रखना चाहते थे लेकिन सूर्यकुमार ने कहा कि वह क्रीज़ पर बल्लेबाज़ी के लिये जाना चाहते हैं।उन्होंने कहा, उसमें इस तरह का आत्मविश्वास है जो दूसरों को भी प्रभावित करता है। वह हर खेल को नये सिरे से शुरू करना चाहता है और बीते हुए मैच को पीछे मुडक़र नहीं देखता। आप आराम से बैठ कर गर्व महसूस कर सकते हैं लेकिन उसकी ऐसी आदत नहीं है।

सूर्यकुमार के शतक की मदद से मुंबई ने गुजरात के सामने 219 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 102 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे, लेकिन राशिद खान ने मात्र 32 गेंद पर नाबाद 79 रन जडक़र अपनी टीम के नेट रन रेट को बड़ा झटका लगने से बचा लिया। सूर्यकुमार ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार लेने के बाद कहा, यह एक दिलचस्प मैच था और हम दो अंक प्राप्त करके खुश हैं। पहले बल्लेबाजी करना और फिर स्कोर की रक्षा करना अच्छा अनुभव था। हम विकेट लेते रहे और इस प्रारूप में आपको इसकी जरूरत भी होती है। जब सूर्यकुमार से पूछा गया कि क्या यह उनकी सर्वश्रेष्ठ टी20 पारी है, तो उन्होंने कहा, ऐसा कह सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने पहले बल्लेबाजी की, हमने फैसला किया था कि हम वही गति रखेंगे जब हम 200 से अधिक रन का पीछा करते समय रखते हैं। उन्होंने कहा, सात–आठ ओवरों के बाद ही एक तरफ बहुत ओस आ गयी थी, इसलिये मैं थर्ड मैन या शॉर्ट लेग की ओर शॉट खेलने के लिये तैयार था। मेरे खेल के पीछे बहुत अभ्यास है, इसलिए जब मैं पिच पर आता हूं, तब मेरे दिमाग में सब कुछ स्पष्ट होता है।

## भुवी का नहीं कोई सानी, पांच विकेट हॉल लेने वाली स्पेशल लिस्ट में हुए शामिल

नई दिल्ली, । आईपीएल 2023 का 62वां मुकाबला गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आज यानी 15 मई को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है।

मैच की बात करें तो हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

**भुवी ने लिए 5 विकेट**

इस मैच में भुवनेश्वर कुमार ने शानदार गेंदबाजी की। भुवी ने 4 ओवरों में 30 रन देकर 5 विकेट झटके।

मैच के पहले पारी के पहले ओवर में भुवी ने ऋद्धिमान साहा को कैच आउट कर दिया। इसके बाद भुवी ने 16वें में गेंदबाजी करते हुए ओवर की दूसरी गेंद पर हार्दिक पंड्या कैच आउट हो गए। उन्होंने 6 गेंदों पर 8 रन की पारी खेली।

बता दें कि आईपीएल में दो बार एक पारी में पांच विकेट लेने वाले भुवी तीसरे गेंदबाज बन गए। भुवी के अलावा जेम्स फॉकनर और जयदेव उनादकट ने एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनाम कर दिखाया है।

## गुजरात टाइटंस के लिए नंबर तीन पर बैटिंग की समस्या से निपटना एक चुनौती : इरफान पठान



नई दिल्ली ,। आईपीएल 2023 में लीग चरण का आखिरी हफ्ता शुरू हो गया है और प्लेऑफ के लिए कोई भी टीम क्वालीफाई नहीं कर पाई है। गुजरात टाइटंस की भिड़ंत सनराइजर्स हैदराबाद से होगी जो लीग चरण में उसका आखिरी घरेलू मैच होगा। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम को एसआरएच पर जीत के साथ लगातार दूसरी बार आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिल सकता है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ विजयी होने और इस सीजन में शीर्ष चार में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनने के लिए गुजरात का समर्थन किया है।

स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट पर कैफ ने कहा, एसआरएच के खिलाफ जीत के साथ गुजरात टाइटन्स प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम हो सकती है। कप्तान हार्दिक पांड्या पिछले गेम में अपने और अपनी टीम के प्रदर्शन से नाखुश दिखे और वे इस पर ध्यान देंगे। घर से बाहर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और वे इस बार घर में जीत का रिकॉर्ड सुधारना चाहेंगे।

भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने इस आईपीएल में जीटी बल्लेबाजी क्रम के साथ एक बड़ी समस्या पर प्रकाश डाला है। गत चैंपियन तीसरे नंबर पर एक सेट बल्लेबाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

गुजरात टाइटन्स को नंबर 3 पर बल्लेबाजी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हार्दिक इस साल बल्ले से उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए हैं। लेकिन अगर वह नंबर तीन पर नहीं चल रहे हैं, तो टीम प्रबंधन के लिए यह मुश्किल होगा कि यहां किसे भेजना है।

# दिल्ली को हराकर प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार पंजाब

नयी दिल्ली । पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन सिंह (103) के शानदार शतक के बाद हरप्रीत बराड़ (30/4) की नायाब गेंदबाजी की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स को 31 रन से हरा दिया।

पंजाब ने दिल्ली के सामने 168 रन का लक्ष्य रखा। डेविड वॉर्नर (27 गेंद, 54 रन) ने तूफानी अर्द्धशतक जडक़र दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन बराड़ और राहुल चाहर (16/2) की जादूई फिरकी ने दिल्ली को 20 ओवर में 136/8 के स्कोर पर रोक दिया।

पंजाब के अन्य बल्लेबाज जहां बड़ा योगदान नहीं दे सके, वहीं पटियाला के 22 वर्षीय प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने 65 गेंद पर 10 चौकों और एक छक्के के साथ 103 रन की पारी खेल डाली। यह आईपीएल में प्रभसिमरन का पहला शतक है और वह इस टूर्नामेंट में सैकड़ा जडने् वाले छठे सबसे युवा बल्लेबाज हैं। इस शतक ने पंजाब को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का काम किया, जबकि बची–खुची कसर बराड़–चाहर ने पूरी कर दी।पंजाब 12 मैचों में छठी जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर आ गयी है, जबकि दिल्ली 12 मैचों में आठवीं हार के साथ तालिका में सबसे नीचे बरकरार है।टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की शुरुआत निराशाजनक रही और उसने पावरप्ले के अंदर शिखर धवन (सात), लायम लिविंगस्टन (चार) और जितेश शर्मा (पांच) के महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिये।



प्रभसिमरन ने अपनी टीम को इन शुरुआती झटकों से निकालते हुए सैम करन के साथ 73 रन की साझेदारी की। करन इस 54 गेंद की साझेदारी में ज्यादा कुछ नहीं कर सके, लेकिन प्रभसिमरन ने 11वें ओवर में मिचेल मार्श को दो छक्के और एक चौका जडक़र अपने इरादे साफ कर दिये।प्रभसिमरन को 15वें ओवर में एक जीवनदान भी मिला जब डीप स्क्वेयर पर खड़े राइली रूसो उनका कैच नहीं लपक सके। अगली ही गेंद पर हालांकि करन (24 गेंद, 20 रन) ने अमन हाकिम खान को कैच थमा दिया। दो ओवर बाद पंजाब को हरप्रीत बराड़ के रूप में एक और झटका लगा।प्रभसिमरन ने लगातार गिरते विकेटों के बीच रन बनाना जारी रखा और 18वें ओवर में खलील अहमद को चौका लगाकर 61 गेंद में अपना शतक पूरा किया। पंजाब के पास 180 रन तक पहुंचने का मौका था लेकिन मुकेश कुमार ने 19वें ओवर में मात्र तीन रन देते हुए प्रभसिमरन का बहुमूल्य विकेट चटका लिया। खलील अहमद ने आखिरी ओवर में शाहरुख खान को रनआउट करते हुए 10 रन दिये जबकि पंजाब ने 20 ओवर में 167/7 का स्कोर खड़ा किया।दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज इशांत शर्मा ने तीन ओवर में 27 रन देकर दो विकेट लिये। अक्षर पटेल, प्रवीन दूबे, कुलदीप यादव और मुकेश को एक–एक विकेट हासिल हुआ।दिल्ली के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरे वॉर्नर की बल्लेबाजी के सामने अरुण जेटली स्टेडियम की पिच आसान लगने लगी। पहले ओवर में दो चौके जडक़र अपना खाता खोलने वाले वॉर्नर ने जोड़ीदार फिल सॉल्ट के साथ पहले विकेट के लिये 38 गेंद में 69 रन की साझेदारी की।सॉल्ट ने 17 गेंदों पर 21 रन बनाए जबकि बराड़ ने उन्हें आउट करके पहले विकेट के लिए दिल्ली की साझेदारी समाप्त की। वॉर्नर ने आठवें ओवर में 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि पंजाब के स्पिनरों ने इसके बाद दिल्ली के बल्लेबाजों को पस्त कर दिया।चाहर ने मिचेल मार्श और अक्षर पटेल को पगबाधा किया, जबकि बराड़ ने राइली रूसो को मिडविकेट पर कैच आउट करवा दिया। मैच में महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब वॉर्नर भी बराड़ की गेंद पर पगबाधा हो गये। कुछ देर बाद मनीष पांडे भी बराड़ की दर्शनीय स्पिन पर बोल्ड हो गये।दिल्ली का स्कोर छह ओवर में 65/0 था, लेकिन पंजाब की फिरकी में फंसकर वह 11 ओवर में 91/6 पर आ पहुंची। आवश्यक रन रेट अब भी दिल्ली की पहुंच में था, हालांकि उसके पास यह रन बनाने के लिये बल्लेबाज नहीं बचे थे।अमन हाकिम खान (18 गेंद, 16 रन) और प्रवीन दूबे (20 गेंद, 16 रन) ने स्पिन गेंदबाजी समाप्त होने के बाद संघर्ष की कुछ झलक दिखाई, हालांकि वे भी दिल्ली के हार के अंतर को ही कम कर सके। नेथन एलिस (26/2) ने अमन और दूबे को आउट किया, जबकि कुलदीप यादव (17 गेंद, 10 रन) और मुकेश कुमार (सात गेंद, छह रन) नाबाद रहे।

## फिल्मी सफर

# श्रावणी में निगेटिव रोल पर बोली आरती सिंह, मेरा कैरेक्टर महिला चाणक्य है



अभिनेत्री आरती सिंह, जो वर्तमान में टीवी शो श्रावणी में दिखाई दे रही हैं, नेगेटिव लीड चंद्रा की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने अपने कैरेक्टर को महिला चाणक्य बताया। आरती सिंह और गौरिका शर्मा ने शो में अपनी भूमिकाओं के बारे में बात की।चंद्रा की भूमिका निभाने पर, आरती ने कहाः चंद्रा किसी भी तरह सब कुछ हासिल करना चाहती है और वह जो चाहती है उसे पाने के लिए कुछ भी करेगी। वह बहुत महत्वाकांक्षी है। चंद्रा महिला चाणक्य की तरह है।

उन्होंने कहा, इस भूमिका को निभाना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण है। मैंने कभी भी खलनायक की भूमिका नहीं निभाई है, एक पूरी तरह से निगेटिव कैरेक्टर। मैं आम तौर पर तैयारी नहीं करती हूं, मैं स्वाभाविक रूप से कैरेक्टर से जुड़ जाती हूं। इसके अलावा, मैं लखनऊसे हूं और यह कहानी भी यूपी पर आधारित है, इसलिए बोली और शैली को चुनना मेरे लिए मुश्किल नहीं था।

उन्होंने कहाः मैंने कभी भी खलनायक की भूमिका नहीं निभाई है और निश्चित रूप से यह निगेटिव भूमिका है और कहानी का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रोडक्शन हाउस बहुत अच्छा है। मैं निर्माता और निर्देशक को जानती हूं, उन्होंने पहले कुछ सराहनीय काम किए हैं। यही कुछ कारण हैं जिनकी वजह से मैंने शो लिया क्योंकि मैं अच्छे लोगों के साथ काम करना चाहती थी।

श्रावणी का किरदार निभा रहीं गौरिका शर्मा कहती हैं, यह बहुत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मैं श्रवण कुमार का महिला संस्करण निभा रही हूं और अब तक लोगों ने केवल पुरुषों को ही श्रवण कुमार जैसा किरदार निभाते देखा है। यह मेरे लिए एक चुनौती है चंद्रा जैसे किरदार के सामने कैसे पेश आएं।

श्रावणी अपने अंधे माता–पिता की देखभाल करने और हर कीमत पर उनकी रक्षा करने के लिए कुछ भी कर सकती है। मुझे लगता है कि यह शो आज के युवाओं को अपने माता–पिता के प्रति जिम्मेदार होने का एक महत्वपूर्ण संदेश देता है।

## अल्लू अर्जुन बनेंगे आदित्य धर के द इमोर्टल अश्वथामा

निर्देशक आदित्य धर का ड्रीम प्रोजेक्ट द इमोर्टल अश्वथामा पिछले तीन सालों से शुरू होने की राह देख रहा है। आरएसवीपी के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म से रॉनी स्क्रूवाला ने हाथ पीछे खींच लिए थे, उसके बाद से निर्माता की तलाश जारी थी, जो जियो स्टूडियो पर जाकर रुकी। जियो ने तुरन्त फैसला लेते हुए फिल्म से विक्की कौशल को बाहर का रास्ता दिखा दिया, क्योंकि वो 300 करोड़ की लागत को विक्की पर नहीं लगाना चाहता था। इसके बाद कई सितारों के नाम सामने आए लेकिन बात अब अल्लू अर्जुन के संकेत देने से बढ़ रही है। अब सुनने में आया है कि पुष्पा स्टार के साथ मेकर्स की बात शुरू हो चुकी है। शुरुआती स्तर पर अल्लू अर्जुन को फिल्म का कॉन्सेप्ट काफी पसंद आया है। और वो इसे करने के लिए हामी भर चुके हैं। रिपोर्ट की मानें तो करीबी सूत्र ने कहा, अश्वथामा आदित्य धर का सपना है। जिसे जियो स्टूडियो के बोर्ड में आने पर नई जिंदगी मिली।

# द केरल स्टोरी की कमाई 100 करोड़ क्लब की ओर

हाल में रिलीज हुई फिल्म द केरला स्टोरी काफी चर्चा में है. फिल्म को लेकर पूरे देश में विवाद भी बना हुआ है. ये फिल्म धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे उठाती है. फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है. शालिनी उन्नीकृष्णन के किरदार में अदा छा गई हैं. इसके अलावा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही हैं. ऐसे में अब लोग द केरला स्टोरी का बजट जानने के लिए एक्साइटेड नजर आ रहे हैं.सुदिप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी द केरला स्टोरी एक कम बजट की फिल्म है. रिपोर्ट के मुताबिक, द केरला स्टोरी मात्र 40 करोड़ में बनी है. फिल्म ने रिलीज के एक हफ्ते से भी कम समय में अपने बजट से भी ज्यादा कमाई कर ली है. रिलीज के पांचवे दिन पहले सोमवार को केरला स्टोरी ने 50 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली थी. बजट का औसत निकालने के बाद ये फिल्म अब धीरे–धीरे 100 करोड़ क्लब में शामिल होने की ओर बढ़ रही है. इस फिल्म के लिए लीड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 30 लाख रुपये फीस चार्ज की है.द केरला स्टोरी में कोई बड़ा सुपरस्टार भी नहीं है. हालांकि, अपने विवादित कॉन्सेप्ट के चलते इसे काफी चर्चा मिल रही है. फिल्म में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी और सिद्धि इडानी अहम रोल में हैं. फिल्म को विपुल अमृतलाल ने प्रोड्यूस किया है. बता दें कि द केरला स्टोरी केरल राज्य में हुए धर्मांतरण पर आधारित है. फिल्म में दावा किया गया है कि केरल में करीब 32, हजार महिलाओं का धर्म परिवर्तन करवाया गया था.




# स्प्लिट्सविला 14 की विजेता साउंडस ने खतरों के खिलाड़ी 13 के लिए सीखी हिंदी

स्प्लिट्सविला 14 की विनर रही साउंडस मौफकीर आए दिन लाइमलाइट में बनी रहती हैं. इसी के साथ इन दिनों साउंडस मौफकीर अपने हिन्दी सीखने को लेकर चर्चा में आ गई हैं. वो अपने नए शो के लिए हिन्दी को में ट्रेन्ड हो रही हैं. स्प्लिट्सविला 14 की विनर बहुत जल्द खतरों के खिलाड़ी 13 में अपना जलवा दिखाती हुई नजर आने वाली हैं.

स्प्लिट्सविला 14 की विनर साउंडस मौफकीर ने नए शो की तैयारियों के बारे में बात करते हुए कहा, मैं शो के को कंटेस्टेंट और होस्ट रोहित शेट्टी से सही तरीके से बातचीत करने के लिए हिन्दी में ट्रेन्ड हो रही हूं, और खतरों के खिलाड़ी 13 मेरे लिए कोई शो नहीं है. यह मेरी कैपेबिल्टीज को शो करने और उन्हें चेक करने का बेहतरीन स्टेज है. मेरा मानना है कि लैंगुएज कभी भी खुद को शो करने में कोई अड़चन नहीं बननी चाहिए. इसके साथ इस नए शो के जरिए व्यूअर्स के साथ सही से कनेक्ट होना चाहती हूं.

अपनी बात को जारी रखते हुए साउंडस मौफकीर ने आगे कहा, हिन्दी को लर्न कर मैं हिन्दी व्यूअर्स के लिए खुद को और ज्यादा एक्सीबेल और रिलियाबेल बनाने की ओर अपने कदम बढ़ा रही हूं. इसके साथ मैं नई लैंगुएज सीखने को लेकर शो का शुक्रिया अदा करती हूं. मैं पूरी तरह से इसका फायदा उठाना चाहती हूं. इसके साथ मुझे इस बात की पूरी उम्मीद है मेरी हिन्दी को ठीक करने की कोशिशों की व्यूअर्स पसंद करेगें. इसके अलावा तमाम दर्शक मुझे डर का सामना करते हुए देखकर एंटरटेन होंगे. आपको बता दें कि यह शो कलर्स टीवी पर ब्राडकास्ट किया जाएगा.

## अंजलि तत्रारी वंशज में मुख्य भूमिका निभाएंगी

टीवी अभिनेत्री अंजलि तत्रारी को आगामी शो वंशज में फीमेल मुख्य भूमिका निभाने के लिए लिया गया है। उन्होंने युवा लडक़ी युविका की भूमिका निभाने के बारे में बात की, जिससे वह कई तरह से संबंधित हो सकती है। अंजलि ने 2018 में एक्शन फिल्म सिम्बा से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने एक छोटी भूमिका निभाई। बाद में, उन्होंने मेरे डैड की दुल्हन, तेरे बिना जिया जाए ना जैसे टीवी शो में अभिनय किया।

नए शो में मुख्य भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहाः युविका एक युवा लडक़ी है, जो अपने आप को चुनौतीपूर्ण स्थिति के बीच पाती है ।

## एकता कपूर व रिया कपूर नई फिल्म के लिए फिर आए एक साथ !

फिल्म निर्माता एकता कपूर और रिया कपूर ने एक बार फिर से एक अनटाइटल्ड फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जो 22 सितंबर, 2023 को रिलीज होने वाली है। प्रोजेक्ट का विवरण तैयार हो रहा है।

अभी तक अनटाइटल फिल्म बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और अनिल कपूर फिल्म कम्युनिकेशन नेटवर्क द्वारा निर्मित है।

करीना कपूर खान, स्वरा भास्कर, शिखा तलसानिया और सोनम कपूर अभिनीत 2018 की फिल्म वीरे दी वेडिंग के लिए दोनों पहले ही हाथ मिला चुके हैं।उनका दूसरा कोलैबोरेशन अपकमिंग फिल्म द क्रू के लिए है, जिसमें तब्बू, करीना, दिलजीत दोसांझ और कृति सेनन हैं। कहानी तीन महिलाओं की है जो जीवन के साथ आगे बढने् के लिए काम करती हैं। लेकिन जैसे–जैसे वे आगे बढने् की कोशिश करते हैं, उनकी नियति उन्हें कुछ अप्रत्याशित और अवांछित स्थितियों की ओर ले जाती है, जिससे वे झूठ के जाल में फंस जाती हैं। राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित और बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड और अनिल कपूर प्रोडक्शंस द्वारा सह–निर्मित यह फिल्म मार्च 2023 के अंत तक फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com